देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित
www.page3news.in
नगर संस्करण वर्ष 19 अंक: 212 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

**विचार–प्रवाह...**
विश्वास जीतना होगा



# पेज श्री

देहरादून, शुक्रवार, 29 नवंबर 2024



मौसम अधिकतम 25.0° न्यूनतम 17.0°

79924.77

2 जैसे को तैसा करने के मूड में ट्रूडो

7 अय्यर की पारी देख झूमी प्रीति जिंटा!

# लागू रहेंगी ग्रैप–4 की पाबंदियां

## गंभीर वायु गुणवत्ता पर सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला, सख्त कदम, सिर्फ स्कूलों को दी छूट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। वायु प्रदूषण की स्थिति को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि दिल्ली–एनसीआर में 2 दिसंबर तक ग्रैप–4 की पाबंदियां लागू रहेंगी। सर्वोच्च अदालत ने कहा है कि बस स्कूलों को प्रतिबंध से छूट रहेगी। इसका मतलब है कि दिल्ली–एनसीआर में स्कूल हाइब्रिड मोड में चलते रहेंगे जैसा कि जैसा कि कमिशन फॉर एयर क्वॉलिटी मैनेजमेंट (सीएक्यूएम) ने सिफारिश की थी।

जस्टिस अभय ओका और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच ने कहा कि स्कूलों से संबंधित उपायों को छोड़कर ग्रैप–4 के तहत सभी पाबंदियां दो दिसंबर तक लागू रहेंगी। इस बीच सीएक्यूएम को बैठकें करके सलाह देने को कहा है कि ग्रैप–4 से ग्रैप–3 या 2 की तरफ किस तरह बढ़ा जाए। सर्वोच्च अदालत ने कहा कि कोर्ट कमिश्नर की रिपोर्ट से पता चलता है कि अधिकारी ग्रैप–4 के तहत पाबंदियों को सही तरीके से लागू करने में पूरी तरह विफल रहे हैं। कोर्ट ने कहा कि ग्रैप–4 की पाबंदियों को सुनिश्चित करने में गंभीर चूक करने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई में तेजी लानी चाहिए। बेंच ने कहा कि ऐसा करना गलत है और अदालत के आदेश की अवमानना है।

सुप्रीम कोर्ट ने प्रदूषण में चिंताजनक वृद्धि रोकने के लिए कड़े कदम उठाने में विलंब पर नाराजगी जाहिर करते हुए दिल्ली–एनसीआर राज्यों को ग्रैप–4 के तहत प्रतिबंध लागू करने के लिए तुरंत टीम गठित करने का 18 नवंबर को निर्देश दिया था और कहा था कि अगला आदेश दिए जाने तक ये प्रतिबंध लागू रहेंगे। ग्रैप–4 की पाबंदियों की तहत दिल्ली एनसीआर में में डीजल वाहनों के प्रवेश पर रोक है तो निर्माण और ध्वस्तीकरण पर भी पूरी तरह से रोक लगाई जा चुकी है।

दिल्ली में गुरुवार को सुबह प्रदूषण का स्तर थोड़ा बढ़ गया और वायु गुणवत्ता बहुत खराब श्रेणी में पहुंच गई। सीपीसीबी के आंकड़ों के अनुसार, सुबह 9 बजे दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 313 दर्ज किया गया, जबकि बुधवार को सुबह नौ बजे यह 301 था। राष्ट्रीय राजधानी में धुंध की मोटी परत छाई रही।

### पंजाब सरकार पर भड़का सुको

सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले की सुनवाई जारी रखने की बात कही है और कहा कि यह गंभीर मसला है। इसलिए हम इस पर सुनवाई करते रहेंगे। यही नहीं बेंच ने पंजाब सरकार को भी फटकार लगाई और कहा कि एक मीडिया रिपोर्ट कहती है कि राज्य के अधिकारी किसानों को कह रहे हैं कि वे शाम को 4 बजे के बाद पराली जलाएं। ऐसा करने से वे सैटेलाइट की नजर में नहीं आएंगे।



### किसानों के खिलाफ कार्रवाई करने में बहुत धीमे है राज्य

कोर्ट ने स्पष्ट किया कि पराली जलाने, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में ट्रकों के प्रवेश और पटाखों पर प्रतिबंध जैसे मुद्दों का परीक्षण किया जाएगा। कोर्ट ने कहा, हमारे पास ऐसी मशीनरी होनी चाहिए जो हमें पराली जलाने के बारे में 24X7 डेटा भेज सके। यही मूल समस्या है और यही कारण है कि यह समस्या उत्पन्न हो रही है और राज्य किसानों के खिलाफ कार्रवाई करने में बहुत धीमे हैं। पीठ दिल्ली में वायु प्रदूषण से संबंधित मामले की सुनवाई कर रही थी। शीर्ष न्यायालय अन्य बातों के अलावा पराली जलाने की घटनाओं को रोकने के लिए पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश की अथॉरिटी द्वारा की गई कार्रवाई की निगरानी कर रहा है।

### ग्रैप–4 में रहती हैं ये पाबंदियां

- दिल्ली के बाहर से आने वाले सभी ट्रकों को प्रवेश पर पाबंदी रहेगी। हालांकि, जरूरी सामान लाने वाले व सीएनजी और इलेक्ट्रिक ट्रकों पर पाबंदी से छूट दी गई है।
- एनसीटी दिल्ली व एनसीआर में डीजल चलित चार पहिया वाहनों पर रोक रहेगी। आपातकालीन वाहनों को छूट दी गई है।
- एनसीआर में उद्योगों पर पाबंदी। दूध व डेयरी उत्पादों और मेडिकल उपकरणों से जुड़े उद्योगों को छूट दी जाएगी।
- निर्माण व विध्वंस गतिविधियों पर रोक। फ्लाईओवर, राजमार्ग, पुल व पाइपलाइन समेत अन्य गतिविधियों पर रोक।
- राज्य सरकार लागू कर सकती है ऑड–ईवन योजना
- डीजल जनरेटर सेट पर प्रतिबंध।

## संक्षिप्त समाचार

### चिन्मय प्रभु की गिरफ्तारी पर भड़कीं शेख हसीना

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना ने बांग्लादेश में हिंदुओं के हालात पर अपनी चिंता व्यक्त की है। इस्कॉन के पुजारी चिन्मय प्रभु की गिरफ्तारी की निंदा करते हुए शेख हसीना ने कहा कि यह बहुत ही अन्याय पूर्ण कार्य है। अंतरिम सरकार को उन्हें तुरंत ही रिहा कर देना चाहिए। शेख हसीना ने बांग्लादेश में जारी मानवाधिकारों के उल्लंघनों को लेकर भी अपनी बात रखी।

### वहां शिव मंदिर है तो प्राण प्रतिष्ठा होगीः बाबा बागेश्वर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज** नई दिल्ली। राजस्थान के अजमेर स्थित ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती की दरगाह में शिव मंदिर होने का दावा करते हुए एक वाद स्थानीय अदालत में दायर किया गया है। जिसके बाद अदालत ने वाद को सुनवाई के लिए स्वीकार कर लिया और अजमेर दरगाह समिति, अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय और एएसआई दिल्ली को नोटिस जारी करते हुए जवाब मांगा है।

# चौथी बार झारखंड के मुख्यमंत्री बने हेमंत सोरेन

## इंडिया ब्लॉक के दिग्गज बने साक्षी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

रांची। रांची के मोरहाबादी मैदान में झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन ने रांची में झारखंड के 14वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। हेमंत सोरेन चौथी बार राज्य के मुख्यमंत्री बने हैं। हेमंत सोरेने के शपथ ग्रहण समारोह में उनके पिता और राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन और उनकी मां रूपी सोरेन भी मंच पर मौजूद रहीं। इस अवसर पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल भी मंच पर मौजूद थे।

विधानसभा चुनाव में हेमंत सोरेन ने भाजपा के गमलियाल हेम्ब्रोम को 39 हजार 791 मतों के अंतर से हराकर बरहेट सीट बरकरार रखी थी। जबकि झामुमो के नेतृत्व वाले गठबंधन ने 81 सदस्यीय झारखंड विधानसभा में 56 सीटें हासिल कर शानदार जीत हासिल की, जबकि भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए को 24 सीटें मिलीं। बता दें कि झारखंड मुक्ति मोर्चा ने गठबंधन में सिर्फ 43 सीटों पर चुनाव लड़ा और 34 सीटें हासिल की थी। वहीं हेमंत सोरेन के शपथग्रहण समारोह में आरजेडी नेता तेजस्वी यादव, सपा प्रमुख अखिलेश यादव और अन्य नेता झारखंड के मनोनीत मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए।

कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और अन्य नेता झारखंड के मनोनीत मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए रांची पहुंचे। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी झारखंड के मनोनीत मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए रांची पहुंचीं।

### हेमंत सोरेन ने अकेले ही ली शपथ

हेमंत सोरेन ने अकेले ही राज्य के मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ली है। मामले में कांग्रेस महासचिव और झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा कि विधानसभा में विश्वास मत के बाद मंत्रिमंडल का विस्तार किया जाएगा।

# अति आत्मविश्वास उनका हमे ले डूबा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मुंबई। हाल ही में संपन्न महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में महाविकास अघाड़ी (एमवीए) की करारी हार के बाद शिवसेना (यूबीटी) के वरिष्ठ नेता अंबादास दानवे ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कांग्रेस के अति आत्मविश्वास और सीट–बंटवारे के दौरान घमंडपूर्ण रवैये को एमवीए गठबंधन की हार का मुख्य कारण बताया।

भाजपा–नेतृत्व वाली महायुति ने 288 में से 230 सीटें जीतकर प्रचंड बहुमत हासिल किया, जबकि कांग्रेस, शरद पवार के नेतृत्व वाले एनसीपी और उद्धव ठाकरे गुट की शिवसेना वाले एमवीए गठबंधन ने केवल 46 सीटें ही जीतीं। महाराष्ट्र विधान परिषद में विपक्ष के नेता अंबादास दानवे ने कहा कि महाविकास अघाड़ी को उद्धव ठाकरे को मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में पेश करना चाहिए था। उन्होंने कांग्रेस पर अप्रत्यक्ष रूप से कटाक्ष करते हुए कहा, ष्वे रिजल्ट आने से पहले ही सूट और टाई पहनने की तैयारी में थे। दानवे ने कहा, लोकसभा चुनाव परिणामों के बाद कांग्रेस महाराष्ट्र में अति आत्मविश्वास से भरी हुई थी, जैसा कि हरियाणा और जम्मू–कश्मीर में भी देखा गया। सीट–बंटवारे के दौरान उनका रवैया हमें नुकसान पहुंचा गया। अगर उद्धव जी को मुख्यमंत्री चेहरा घोषित किया गया होता, तो परिणाम अलग होते।

### निशाना

- उद्धव सेना ने कांग्रेस पर फोड़ा महाराष्ट्र हार का ठीकरा

### सीट बंटवारे और प्रदर्शन में मतभेद

पिछले लोकसभा चुनावों में कांग्रेस ने एमवीए सहयोगियों के बीच सबसे अधिक 13 सीटें जीती थीं, जिसके कारण उसने विधानसभा चुनावों में अधिक सीटें मांगने का दबाव बनाया। इस दौरान गठबंधन के भीतर मतभेद की खबरें भी सामने आईं।

Are you Planning to make a Website or already have ?
If yes, then we are here to serve you
What we do
Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.
Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# प्रियंका गांधी ने सांसद के तौर पर ली शपथ

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। वायनाड लोकसभा सीट से चुनी गईं प्रियंका गांधी ने गुरूवार को सांसद के तौर पर शपथ ली। कांग्रेस की नेता शपथ के दौरान हाथ में संविधान की कॉपी लिए रहीं। इस तरह उन्होंने संविधान वाले दांव को भी शपथ के साथ ही चलने की कोशिश की, जिस पर कांग्रेस समेत विपक्ष ने लोकसभा चुनाव के दौरान नैरेटिव तैयार किया था। लोकसभा इलेक्शन में कांग्रेस एवं अन्य विपक्षी दलों ने आरोप लगाया था कि सरकार इसलिए 400 सीट चाहती है ताकि संविधान बदला जा सके और गरीबों का आरक्षण छीन लिया जाए।

इसके बाद जब लोकसभा का सत्र शुरू हुआ तो कांग्रेस के सांसदों ने संविधान लेकर ही शपथ ली थी। अखिलेश यादव और अवधेश प्रसाद जैसे नेता भी संविधान की कॉपी लिए दिखे। प्रियंका गांधी की शपथ के मौके पर उनके पति रॉबर्ट वाड्रा, बेटे रिहान वाड्रा और बेटी मिराया वाड्रा भी लोकसभा पहुंचे। इसके अलावा उनकी मां सोनिया गांधी और भाई राहुल गांधी पहले से ही सदन में मौजूद थे।

- शपथ के साथ दिया बड़ा संदेश, हाथ में लिए रहीं संविधान

## न्यूज डायरी



### इजरायल नेतन्याहू–गैलेंट के खिलाफ गिरफ्तारी पर आईसीसी से करेगा अपील

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** यरुशलम। इजरायल के राष्ट्रपति बेंजामिन नेतन्याहू और पूर्व रक्षा मंत्री योव गैलेंट को इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट से झटका लगा था। कोर्ट ने इनके खिलाफ गिरफ्तारी का वारंट जारी किया था। इसी के बाद अब इजरायल ने इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट से कहा है कि वो प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और पूर्व रक्षा मंत्री योव गैलेंट के गिरफ्तारी वारंट के खिलाफ अपील करेगा। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और पूर्व रक्षा मंत्री योव गैलेंट के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (आईसीसी) द्वारा जारी गिरफ्तारी वारंट को इजरायल ने अस्वीकार कर दिया है। इसकी जानकारी पीएम नेतन्याहू ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर दी है। पीएम नेतन्याहू ने एक्स पर पोस्ट कर कहा, इजरायल हेग में अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (आईसीसी) के अधिकार और प्रधानमंत्री और पूर्व रक्षा मंत्री के खिलाफ जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट की वैधता से इनकार करता है। अगर आईसीसी ने अपील खारिज कर दी, तो अमेरिका और दुनियाभर में इजरायल के दोस्तों को यह समझ में आ जाएगा कि आईसीसी इजरायल के खिलाफ कितना पक्षपाती है। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है कि इजरायल ने गिरफ्तारी वारंट के निष्पादन में भी देरी करने का अनुरोध किया है, जो पिछले सप्ताह जारी किए गए थे। पीएम नेतन्याहू ने एक्स पर पोस्ट में लिखा कि इजरायल ने आईसीसी से अपील करने का फैसला किया है।

### व्हाइट हाउस ने कहा– 18 साल के किशोरों को सेना में करें भर्ती

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वाशिंगटन। राष्ट्रपति जो बाइडन का प्रशासन यूक्रेन से आग्रह कर रहा है कि वह अपनी सेना का आकार शीघ्र बढ़ाए। इसके लिए व्हाइट हाउस ने कहा है कि यूक्रेन अधिक सैनिकों की भर्ती करे और अपने कानूनों में सुधार करे, ताकि 18 वर्ष के किशोरों को भी सेना में भर्ती किया जा सके। पिछड़े यूक्रेन की मदद के लिए उपलब्ध सैनिकों का विस्तार होगा नाम नहीं छापने की शर्त पर बाइडन प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि डेमोक्रेटिक प्रशासन चाहता है कि यूक्रेन सेना में शामिल होने की मौजूदा उम्र 25 से घटाकर 18 कर दे। इससे रूस के साथ लगभग तीन साल पुराने युद्ध में बुरी तरह से पिछड़े यूक्रेन की मदद के लिए उपलब्ध सैनिकों का विस्तार होगा। यूक्रेन और उसके पश्चिमी समर्थकों की गैरजिम्मेदाराना हरकतें दुनिया को तबाही के कगार पर पहुंचा सकती है। यूक्रेन की स्थिति का शुद्ध गणित अब यह है कि उसे लड़ाई में अधिक सैनिकों की आवश्यकता है। रूसी विदेश मंत्रालय ने कहा कि कुछ हलकों में यह चर्चा चल रही है कि पश्चिम को यूक्रेन को परमाणु हथियार दे देना चाहिए, जो पागलपन है। ऐसी स्थिति को रोकना भी एक कारण था, जिसके कारण मास्को ने यूक्रेन पर हमला बोला।

### ट्रंप के आते ही खालिदा जिया वीजा बनवाने पहुंचीं अमेरिकी दूतावास

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** ढाका। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया यहां अमेरिकी दूतावास पहुंचीं और अपने वीजा आवेदन की प्रक्रिया पूरी की। वह ऐसे समय वीजा बनवा रही हैं, जब इस महीने के प्रारंभ में अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप की जीत हुई। ट्रंप अगले वर्ष 20 जनवरी को राष्ट्रपति पद की शपथ लेंगे। बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) से जुड़े लोगों ने बताया कि 79 वर्षीय पूर्व प्रधानमंत्री को विशेष उपचार के लिए विदेश भेजने के लिए सभी आवश्यक प्रबंध कर लिए गए हैं। खालिदा अगले महीने ब्रिटेन जा सकती हैं और वहां से अमेरिका या जर्मनी जा सकती हैं। वह लिवर, किडनी, हृदय, फेफड़ों और आंखों से संबंधित कई समस्याओं से जूझ रही हैं। बीएनपी प्रमुख खालिदा को भ्रष्टाचार के एक मामले में बड़ी राहत मिली। हाई कोर्ट ने उन्हें बरी कर दिया। ढाका की एक अदालत ने 2018 में जिया चैरिटेबल ट्रस्ट भ्रष्टाचार मामले में उन्हें सात वर्ष जेल की सजा सुनाई थी। चीन में वर्षों से कैद किए गए तीन अमेरिकी नागरिकों को रिहा कर दिया गया है। व्हाइट हाउस ने बुधवार को बाइडन प्रशासन के अंतिम महीनों में बीजिंग के साथ राजनयिक समझौते की घोषणा करते हुए यह जानकारी दी। रिहा किए गए लोगों में मार्क स्विडन, काई ली और जान लेउंग शामिल हैं।

# अपने ही दोस्त पर भरोसा नहीं कर पा रहा है चीन

**रिपोर्ट**

## अचानक पाकिस्तान पहुंचे चीनी सेना के प्रमुख जनरल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**



नई दिल्ली। पाकिस्तान और चीन की दोस्ती अच्छी मानी जाती रही है। हालांकि, पिछले कुछ समय में ऐसी घटनाएं हुई हैं, जिससे चीन भी अब पाकिस्तान पर भरोसा नहीं कर पा रहा है। दरअसल, पाकिस्तान में पिछले कुछ सालों में चीनी नागरिकों और कर्मचारियों को निशाना बनाकर कई आतंकवादी हमलों को अंजाम दिया गया। हाल के दिनों में बलूचिस्तान और सिंध में चीनी नागरिकों को निशाना बना कर हमले किए गए हैं। लगातार अपने कर्मचारियों पर हो रहे हमलों से चीन परेशान हो चुका है। चीन ने पाकिस्तान से मांग करते हुए कहा कि हम अपने कर्मचारियों और नागरिकों की सुरक्षा के लिए अपनी सेना को पाकिस्तान भेज सकते हैं। हालांकि, चीन की इस मांग पर पाकिस्तान तैयार नहीं हुआ है।

चीन की इस मांग को पाकिस्तान पर कम होते भरोसे के तौर पर देखा जा सकता है। इस बीच चीनी सेना के प्रमुख जनरल पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद पहुंचे। उनके साथ एक बड़ा प्रतिनिधि मंडल भी इस्लामाबाद गया है। चीनी सेना के प्रमुख जनरल झांग योशिया ने बुधवार को पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनिर से बातचीत की। पाकिस्तानी सेना की ओर से इस मुलाकात को लेकर बयान जारी किया गया है। दोनों देशों के के बीच में क्षेत्रीय सुरक्षा, स्थिरता और आपसी रक्षा सहयोग को बढ़ाने को लेकर चर्चा की गई।

वहीं, कुछ सूत्रों ने बताया कि चीनी सेना के प्रमुख जनरल झांग ने आतंकवाद के खिलाफ चल रहे अभियानों और चीनी नागरिकों पर पाकिस्तान में हमलों को लेकर उन्होंने चिंता व्यक्त की है। उन्होंने पाकिस्तान सेना प्रमुख आसिम मुनिर से पूछा कि इन घटनाओं पर लगाम कैसे लगेगी। चीन अपने नागरिकों की सुरक्षा अपने हाथों में लेने मांग कर रहा है। हालांकि, पाकिस्तान का कहना है कि सुरक्षा पर चर्चा के बाद संप्रभुता पर बात बन गई है। वहीं, पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय का कहना है कि दोनों देशों के बीच बातचीत के दौरान अफगानिस्तान और इस क्षेत्र में भारत की भूमिका पर चर्चा की गई। विशेषकर अफगानिस्तान के सक्रिय आतंकवादी संगठनों को लेकर भी चर्चा की गई है।

आपको जानना चाहिए कि इस समय चीन की सेना पाकिस्तान में सैन्य अभ्यास कर रही है। चीन की यह मिलिट्री ड्रिल पाकिस्तान में ही हो रही है। खबरों की मानें तो ये सैन्य अभ्यास 15 दिसंबर तक चलने की संभावना है। पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनिर के बीच हुई बैठक के बाद चीनी सेना के प्रमुख जनरल को प्रतिवर्ष सहयोग देने के लिए धन्यवाद भी कहा।

## बांग्लादेश में मुस्लिमों ने जबरन बंद कराया इस्कॉन का शिबचर केंद्र

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज** बांग्लादेश। इस्कॉन के पुजारी चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी के बाद अब बांग्लादेश में इस्कॉन के शिबचर स्थित केंद्र को मुस्लिमों ने जबरन बंद करा दिया है। यही नहीं इस्कॉन के श्रद्धालुओं को सेना के जवान अपने वाहन में भरकर ले गए। इस्कॉन–कोलकाता के उपाध्यक्ष एवं प्रवक्ता राधारमण दास ने एक्स पर लिखा, बांग्लादेश में शिबचर स्थित इस्कॉन नमहट्टा केंद्र को मुस्लिमों ने जबरन बंद कर दिया है। सेना आई और इस्कॉन श्रद्धालुओं को एक वाहन में भरकर ले गई।

इस पोस्ट के साथ उन्होंने एक वीडियो भी संलग्न किया जिसमें स्थानीय इस्लामी समूह के नेता शिबचर में इस्कॉन केंद्र को बंद करने की मांग कर रहे हैं। दास ने दावा किया कि वीडियो में यह भी दिखाया गया है कि कुछ लोग इस अंतरराष्ट्रीय आध्यात्मिक संस्था के संस्थापक की तस्वीर वाले इस्कॉन मंदिर के बोर्ड को हटाने में लगे हुए हैं।

इस बीच, ढाका में सुप्रीम कोर्ट के वकील और अब बांग्लादेश के अटार्नी जनरल मुहम्मद असदुज्जमां ने हाई कोर्ट में सुनवाई के दौरान इस्कॉन को धार्मिक कट्टरपंथी संगठन करार दिया। चिन्मय बांग्लादेश सनातन जागरण मंच के प्रवक्ता व इस्कॉन से जुड़े पुंडरीक धाम के प्रमुख हैं।



## पुतिन ने शैतान–2 मिसाइल तैनात करने का दिया आदेश

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मॉस्को। रूस और यूक्रेन के युद्ध के बीच पुतिन का एक और कदम फिर दुनिया को डराने लगा है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कथित तौर पर आरएस–28 सरमत मिसाइल को युद्ध के लिए तैयार करने का आदेश दिया है। आम बोलचाल की भाषा में इस खतरनाक मिसाइल को शैतान–2 भी कहा जाता है। यह दुनिया का सबसे घातक हथियार है जो 25556 किमी तक हमला कर सकता है। अपने साथ यह कई परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम है, जो इसे दुनिया के लिए बड़ा खतरा बनाता है। यह दिखाता है कि टेस्टिंग में विफलताओं और देरी के बावजूद मिसाइल को तैनात करने का प्रयास हो रहा है। रूस के सामरिक मिसाइल बलों के प्रमुख कर्नल–जनरल सर्गेई कराकायेव ने पुष्टि की कि सरमत मिसाइल को देश के शस्त्रागार में जोड़ने के लिए काम चल रहा है।

# ट्रंप के साथ जैसे को तैसा करने के मूड में ट्रूडो सरकार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

टोरंटो। अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ को लेकर कनाडा को धमकी देने के बाद ट्रूडो सरकार हरकत में आ गई है। एक कनाडाई अधिकारी ने कहा कि अगर डोनाल्ड ट्रंप कनाडाई उत्पादों पर व्यापक टैरिफ लगाने की अपनी धमकी पर अमल करते हैं तो कनाडा अमेरिका से आने वाली कुछ वस्तुओं पर संभावित जवाबी टैरिफ की प्लानिंग कर रहा है।

बता दें कि ट्रंप ने धमकी दी है कि अगर कनाडा और मेक्सिको के देश दक्षिणी और उत्तरी सीमाओं पर ड्रग्स और प्रवासियों के प्रवाह को नहीं रोकते हैं, तो वे कनाडा और मेक्सिको से आने वाले उत्पादों पर टैरिफ लगा

### अब अमेरिकी वस्तुओं पर टैरिफ लगाने की फिराक में कनाडा

देंगे। उन्होंने कहा कि वे अपने पहले कार्यकारी आदेशों में से एक के रूप में कनाडा और मेक्सिको से अमेरिका में प्रवेश करने वाले सभी उत्पादों पर 25 प्रतिशत टैक्स लगाएंगे।

हालांकि, ट्रंप ने शाम को मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर पोस्ट करते हुए कहा कि उनकी नई मैक्सिकन राष्ट्रपति क्लाउडिया शिनबाम के साथ बेहतरीन बातचीत हुई और उन्होंने मेक्सिको से अवैध प्रवास को रोकने पर सहमति व्यक्त की है।

ट्रंप ने पोस्ट कर कहा, मेक्सिको लोगों को हमारी दक्षिणी सीमा पर जाने से रोकेगा, यह तुरंत प्रभाव से लागू होगा। यह अमेरिका पर अवैध आक्रमण को रोकने की दिशा में एक लंबा रास्ता तय करेगा। धन्यवाद। अभी भी यह स्पष्ट नहीं है कि इस बातचीत का ट्रंप की टैरिफ लगाने की योजना पर क्या असर होगा।

दूसरी ओर कनाडा में एक सरकारी अधिकारी ने कहा कि कनाडा हर स्थिति के लिए तैयारी कर रहा है और उसने इस बारे में सोचना शुरू कर दिया है कि प्रतिशोध में किन वस्तुओं पर टैरिफ लगाया जाए। अधिकारी ने नाम न बताने की शर्त पर यह बात कही। बता दें कि जब ट्रंप ने अपने पहले कार्यकाल के दौरान उच्च टैरिफ लगाए थे, तो अन्य देशों ने अपने स्वयं के प्रतिशोधात्मक टैरिफ के साथ जवाब दिया था।

### इमरान खान को अमेरिका में मिला समर्थन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वाशिंगटन। पाकिस्तान में शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों की हत्याओं को छुपाने के कथित प्रयास की खबरों के बाद एक भारतीय–अमेरिकी सांसद ने पाकिस्तान के वरिष्ठ अधिकारियों के वीजा पर प्रतिबंध लगाने और उनकी संपत्ति जब्त करने की मांग की है। पीटीआई पार्टी ने जेल में बंद इमरान खान की रिहाई की मांग को लेकर विरोध मार्च निकाला और इस मार्च के खिलाफ अधिकारियों की ओर से की गई कार्रवाई में कथित तौर पर चार लोग मारे गए तथा 50 लोग घायल हो गए। भारतीय–अमेरिकी सांसद रो खन्ना ने कहा, 'पाकिस्तान सेना के प्रमुख असीम मुनीर के प्रशासन द्वारा शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों की कथित हत्याओं को छुपाने के प्रयास की खबरों से मैं स्तब्ध हूं।' उन्होंने कहा, 'अमेरिका को पाकिस्तानी सैन्य प्रशासन में वरिष्ठ अधिकारियों के वीजा पर प्रतिबंध लगाना चाहिए।

**Page Three**


**Classified**

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous

Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# सभी एसटीपी जल्द जल संस्थान को किए जाएंगे हस्तांतरित

**समीक्षा**

## जिला गंगा संरक्षण समिति की मासिक बैठक की गई आयोजित

**संवाददाता**



चमोली। जिला प्रशासन की ओर से गुरुवार को जिला गंगा संरक्षण समिति की मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद में गंगा संरक्षण के लिए सहायक नदियों की स्वच्छता को लेकर किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में परियोजना निदेशक आनंद सिंह भाकुनी और बदरीनाथ वन प्रभाग के प्रभागीय वनाधिकारी सर्वेश दुबे ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

बैठक में परियोजना अधिकारी ने कर्णप्रयाग में निर्मित एसटीपी को शीघ्र हस्तांतरित करने की बात कही। इस दौरान उन्होंने नगर क्षेत्रों में किए जा रहे डोर–टू–डोर कलेक्शन को सोर्स सेग्रिगेट करने साथ ही कूड़ा वाहनों में भी जैविक व अजैविक कचरे को अलग–अलग रखने की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। इस दौरान एंटी लिटरिंग एंड एंटी स्पिटिंग और प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन के तहत नियमित निरीक्षण करने के बात कही। बदरीनाथ वन प्रभाग के प्रभागीय वनाधिकारी व वन विभाग के नोडल अधिकारी सर्वेश दूबे ने जिले में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की ओर से होटलों को एसटीपी निर्माण के लिए दिए नोटिस के क्रम में पत्राचार कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने नगर पालिका, पेयजल निगम, जल संस्थान, कृषि, सिंचाई, वन विभाग, मनरेगा और स्वजल के अधिकारियों को जिला गंगा प्लान के तहत आगामी पांच वर्षों में किए जाने वाले कार्यों की प्राथमिकता के आधार पर कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को एक माह के भीतर कार्य योजना बनाने की बात कही। साथ ही उन्होंने पेयजल निगम के अधिकारियों को हल्दापानी भूस्खलन प्रभावित क्षेत्र में स्थित आवासीय क्षेत्र में सीवर निकासी की कार्य योजना तैयार करने के भी निर्देश दिए।

इस मौके पर नमामि गंगे के जिला परियोजना अधिकारी गोविंद सिंह ने बताया कि कर्णप्रयाग में निर्मित एसटीपी के हस्तांतरण को लेकर जल संस्थान की ओर से सहमति प्रदान की जा चुकी है। सभी एसटीपी जल्द जल संस्थान को हस्तांतरित किए जाएंगे। वहीं उन्होंने बताया कि जनपद में एंटी लिटरिंग एंड स्पिटिंग एक्ट में कुल 54 सामने आए हैं। जिन पर कार्रवाई करते हुए पालिका व पंचायतों की ओर से 1 लाख 64 हजार 400 का अर्थदंड वसूला गया है। जबकि प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन के उल्लंघन के 37 मामलों में कार्रवाई की गई है। वहीं जनपद में प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण अधिनियम का उल्लंघन करने वाले 26 होटलों की सूची प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को सौंपी गई है। जिसमें बोर्ड की ओर से कार्रवाई की जा रही है। इस मौके पर एसीएमओ डा. एमएस खाती, जल संस्थान के अधिशासी अभियंता एसके श्रीवास्तव, महाप्रबंधक उद्योग विभाग बीएस कुंवर सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## न्यूज डायरी

### क्षेत्र पंचायतों के लिए प्रशासक नियुक्त

**संवाददाता** रुद्रप्रयाग। क्षेत्र पंचायतों के कार्यों के निर्वहन हेतु विकास खंडवार प्रशासक नियुक्त किए गए हैं। नियुक्त किए गए प्रशासकों द्वारा सामान्य रूटीन कार्यों का ही निर्वहन किया जाएगा तथा नियुक्त प्रशासक नीतिगत निर्णय नहीं ले सकेंगे। जिलाधिकारी सौरभ गहरवार के निर्देश पर निर्गत आदेश के अनुसार विकास खंड अगस्त्यमुनि हेतु उप जिलाधिकारी रुद्रप्रयाग आशीष चंद्र घिल्डियाल को प्रशासक नियुक्त किया गया है। इसी तरह विकासखंड जखोली हेतु उप जिलाधिकारी जखोली भगत सिंह फोनिया जबकि विकासखंड ऊखीमठ के लिए उप जिलाधिकारी ऊखीमठ अनिल कुमार शुक्ला प्रशासक नियुक्त किए गए हैं। 30 नवंबर (शनिवार) से प्रशासकों द्वारा उन्हें आवंटित क्षेत्र पंचायतों का कार्यभार ग्रहण किया जाएगा। जिलाधिकारी ने नई क्षेत्र पंचायतों के गठन तक उक्त नियुक्त किए गए प्रशासकों को उनसे संबंधित कार्यों का निर्वहन करने के निर्देश दिए हैं।

### क्या इस वर्ष नगर निगम के चुनाव होंगे भी या नहीं: नेताजी संघर्ष समिति

**संवाददाता** देहरादून। नेताजी संघर्ष समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रभात डंडरियाल और समिति के प्रमुख महासचिव आरिफ वारसी ने गुरूवार को एक संयुक्त प्रेस व्यक्ति जारी करते हुए चिंता जताई है कि क्या इस वर्ष नगर निगम के चुनाव होंगे भी या नहीं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के नगर विकास मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने भी कहा था कि 25 दिसंबर तक नगर निगम के चुनाव हो जाएंगे जबकि नवंबर का महीना आधा बीत चुका है और अभी तक चुनाव की तिथि भी घोषित नहीं हुई है। चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार यह सोच रहे हैं कि क्या सरकार चुनाव नहीं करना चाहती। डंडरियाल और वारसी ने प्रदेश की धामी सरकार से उम्मीद ही नहीं विश्वास भी जताते हुए कहा है कि वह शीघ्र अति शीघ्र नगर निगम के चुनाव की तिथि घोषित करें ताकि चुनाव लड़ने वाले चुनाव की तैयारी में जुट जाएं।

### फोनपे प्रोडक्ट शेयर.मार्केट ने शीट्स के लॉन्च की घोषणा की

**संवाददाता** देहरादून। फोनपे का प्रोडक्ट शेयर.मार्केट ने आज शीट्स के लॉन्च की घोषणा की जो डिस्काउंट ब्रोकिंग जगत में उद्योग की पहली पेशकश है। इससे बाजार हिस्सेदारियों को सशक्त बनाने और उनके ट्रेडिंग अनुभव को बेहतर बनाने के लिए डिजाइन किया गया है। वेब प्लेटफॉर्म ट्रेड.शेयर.मार्केट पर उपलब्ध शीट्स बाजार डेटा को सीधे स्प्रेडशीट में आयात करके और अपने ट्रेडिंग मॉडल और रणनीतियों को सहजता से बनाकर ट्रेडर्स की मदद करता है। शेयर.मार्केट ने शीट्स के अभूतपूर्व लॉन्च के साथ उद्योग को फिर से परिभाषित किया है, तथा यह देश का एकमात्र डिस्काउंट ब्रोकर बन गया है जो यह अभिनव सुविधा प्रदान करता है।

## दिवसीय फैसिलिटेशन कार्यक्रम एवं लेखा समाधान संबंधी बैठक का होगा आयोजन

**संवाददाता** रुद्रप्रयाग। 07–केदारनाथ विधान सभा उप निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत समस्त प्रत्याशियों हेतु एक दिवसीय फैसिलिटेशन कार्यक्रम एवं लेखा समाधान संबंधी बैठक आयोजित की जाएगी। विधान सभा उप निर्वाचन के प्रत्याशियों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधि से बैठक में प्रतिभाग करने की अपील की गई है।

जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ गहरवार ने बताया कि जिला निर्वाचन अधिकारी निर्वाचन व्यय लेखा को प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि से पहले एक सप्ताह के अंदर सभी अभ्यर्थियोंधनिर्वाचन एजेंटों एवं व्यय लेखा प्राप्ति हेतु तैनात किए जाने वाले कार्मिकों के लिए आगामी 16 दिसंबर को जिला कार्यालय सभागार में प्रातः 11 बजे से एक दिवसीय फैसिलिटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इसके साथ ही 19 दिसंबर को लेखा समाधान बैठक भी उक्त स्थान व समय पर आयोजित की जानी है।

उन्होंने बताया कि इस प्रशिक्षण में व्यय अनुवीक्षण प्रकोष्ठ के नोडल अधिकारी व सहायक व्यय प्रेक्षक को लेखा की फाइलिंग प्रक्रिया दाखिल किए जाने वाले फॉर्म, शपथ–पत्र, एवं अक्सर सामने वाली त्रुटियों के बारे में जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने 07–केदारनाथ विधान सभा उप निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत समस्त प्रत्याशियों से उपरोक्त निर्धारित दिवसीय फैसिलिटेशन कार्यक्रम एवं लेखा समाधान संबंधी बैठक में निर्धारित तिथि, स्थान व समयानुसार प्रतिभाग करने की अपील की है।



## उद्यमिता शिविर में विधायक ने किया अवलोकन

**संवाददाता** पुरोला। बीएल जुवांठा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पुरोला में उत्तराखंड सरकार द्वारा स्वरोजगार को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से उद्यमिता योजना के अंतर्गत आयोजित बारह दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम के नवें दिन पुरोला विधायक दुर्गेश लाल ने महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा बनाए गये विभिन्न उत्पादों का अवलोकन करते हुए शिविर की सराहना की व अपने स्तर के सभी प्रकार के सहयोग के लिए आश्वास्त किया। उद्यमिता के नोडल डॉ विनय नौटियाल ने सभी उत्पादों के बारे में विधायक को विस्तार से जानकारी देते हुए शिविर के महत्व पर छात्र छात्राओं को जानकारी दी। वंही महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ ए0के0 तिवारी ने कहा कि छात्रों में उद्यमिता के प्रति उत्साह को बेहतर भविष्य के संकेत की तरह देखा जा सकता है।

# 4 साल की बच्ची को जटिल सर्जरी से बचाया गया

**संवाददाता**

■ नारायणा हॉस्पिटल गुरुग्राम के विशेषज्ञों द्वारा कार्डियक सर्जरी ओपीडी का आयोजन

रुद्रपुर। चार साल की छोटी सी बच्ची, जो जीवन और मौत के बीच जूझ रही थी, उसे नारायणा हॉस्पिटल, गुरुग्राम के स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने जटिल ओपन हार्ट सर्जरी के माध्यम से नया जीवन दिया। रुद्रपुर की इस बच्ची के दिल में जन्म से ही छेद था। जिस कारण उसके माता–पिता कई दिनों से बच्ची के इलाज के लिए भटक रहे थे। फिर रुद्रपुर के ही एक डॉक्टर ने उन्हें नारायणा हॉस्पिटल, गुरुग्राम में इलाज कराने की सलाह दी। इसके बाद नारायणा हॉस्पिटल, गुरुग्राम के स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने एक जटिल सर्जरी के द्वारा बच्ची को स्वस्थ किया। यह कहानी कई लोगों के जागरूकता के लिए भी जरुरी है, जिससे वे पहले से ही सचेत हो सकें। इन्हीं सब मुद्दों को ध्यान में रखते हुए रुद्रपुर में ओपीडी का आयोजन किया गया। यह आयोजन कात्यायनी मेडीकल सेंटर, रुद्रपुर में महीने के चौथे गुरुवार को दोपहर 12रू00 बजे से लेकर दोपहर 02:00 तक आयोजित की गई। ओपीडी में स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने लोगों को जांच एवं उचित परामर्श दिए।



डॉ. रचित सक्सेना ने बताया कि, जब बच्ची को हॉस्पिटल लाया गया फिर उसकी प्रारंभिक जांच की गई, जिसमें पता चला कि वेंट्रीकुलर सेप्टल डिफेक्ट को ठीक करने के लिए ओपन हार्ट सर्जरी करनी पड़ेगी। नारायणा हॉस्पिटल, गुरुग्राम ने उनकी पूरी आर्थिक मदद की और बच्ची का इलाज शुरू हुआ उसे सांस लेने में बहुत दिक्कत हो रही थी, उसके श्वसन पथ में संक्रमण हो गया था जिसके लिए एंटीबायोटिक की आवश्यकता होती है। ऐसे में ओपन हार्ट सर्जरी शुरू की गई, जो 5 से 6 घंटे चली, इसमें वेंट्रिकुलर सेप्टल डिफेक्ट को बंद करना पड़ा, जिससे सर्जरी अच्छी तरह से हुई। सर्जरी के बाद बच्ची पूरी तरह से स्वस्थ है।

### 14 वायु सैनिको एवं 2 गाइडों का एक दल एक्सपीडिशन के लिए हुआ रवाना

**संवाददाता** चमोली। भारतीय वायु सेना समय–समय पर एडवेंचर गतिविधियां करती रहती है। एयरफोर्स हेडक्वार्टर एडवेंचर सेल दिल्ली के तत्वाधान में बुधवार को चमोली अलकनंदा नदी घाट से ऋषिकेश के लिए वायु सेना के विंग कमांडर विजय भट्ट के नेतृत्व में 14 वायु सैनिको एवं 2 गाइडों का एक दल एक्सपीडिशन के लिए रवाना हुआ। यह दल 3 दिसम्बर को ऋषिकेश पहुंचेगा। व्हाइट वाटर राफ्टिंग के लिए गंगा नदी सबसे चुनौतीपूर्ण नदियों में से एक मानी जाती है। विंग कमांडर विजय भट्ट ने बताया कि वायु सेना द्वारा इस तरह के कार्यक्रम समय समय पर कराए जाते हैं। वायु सैनिकों को एडवैंचर गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया जाता है। जहां युवा इससे सेना में आने के लिए प्रेरित होंगे वहीं स्थानीय पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।

# विश्वास जीतना होगा

**खास बात यह कि अलग–अलग समुदायों के लोग सुरक्षा बलों के अलग–अलग हिस्सों पर पक्षपात का खुला आरोप लगाते हैं। हालांकि इस तरह के सामुदायिक तनाव की स्थितियों में सुरक्षा बलों पर पक्षपात के आरोप कोई नई बात नहीं है, लेकिन इस तरह का अविश्वास अमूमन तात्कालिक ही होता है।**

अनुज श्रीवास्तव।।

पिछले करीब डेढ़ साल से हिंसा की कभी तेज तो कभी धीमी होती आंच में जलते मणिपुर को राहत मिलने के कोई आसार नहीं दिख रहे। जिरीबाम में पिछले एक सप्ताह के दौरान हुई हिंसा की घटनाओं ने एक बार फिर राज्य में तनाव काफी बढ़ा दिया है।

इसे देखते हुए केंद्र सरकार ने हालांकि तत्काल केंद्रीय सशस्त्र बलों की 20 अतिरिक्त कंपनियां हवाई मार्ग से भेज दीं। लेकिन राज्य में भारी संख्या में सुरक्षा बल पहले से तैनात हैं। वहां सीआरपीएफ की 115 कंपनियां और बीएसएफ की 84 कंपनियां तो हैं ही, इसके अलावा आरएएफ, एसएसबी और आईटीबीपी की भी कंपनिया तैनात हैं। राज्य पुलिस और सेना के जवान इसके अतिरिक्त हैं। जाहिर है, इतने बड़े पैमाने पर सुरक्षा बलों की तैनाती के बावजूद अगर हालात काबू में नहीं आ रहे तो मामला सिर्फ सुरक्षा बलों की संख्या का नहीं, कुछ और भी है।



अगर पिछले एक सप्ताह के घटनाक्रम पर गौर करें तो भी यह साफ हो जाता है कि प्रशासनिक कार्रवाइयों का वैसा असर नहीं दिख रहा जैसा कि होना चाहिए। हिंसा का ताजा दौर प्रदेश के जिरीबाम जिले में गुरुवार को एक 31 वर्षीया महिला की हत्या के बाद शुरू हुआ। आरोप है कि मैतेई समुदाय के उग्रवादी संगठन से जुड़े लोग इसके पीछे थे। दो दिन बाद कथित तौर पर कुकी उग्रवादियों ने बिष्णुपुर जिले में किसानों के एक समूह पर हमला किया था, जिसमें 34 साल की एक महिला मारी गई। जिरीबाम में ही एक सीआरपीएफ पोस्ट पर हमले के बाद जवाबी कार्रवाई में सुरक्षा बलों ने दस उग्रवादियों को मार गिराया। इसके बाद भी जिरीबाम के एक गांव से दो नागरिकों के शव बरामद हुए। यही नहीं एक मैतेई परिवार के छह सदस्य लापता बताए जा रहे हैं जिनके अगवा किए जाने का शक है।

खास बात यह कि अलग–अलग समुदायों के लोग सुरक्षा बलों के अलग–अलग हिस्सों पर पक्षपात का खुला आरोप लगाते हैं। हालांकि इस तरह के सामुदायिक तनाव की स्थितियों में सुरक्षा बलों पर पक्षपात के आरोप कोई नई बात नहीं है, लेकिन इस तरह का अविश्वास अमूमन तात्कालिक ही होता है। मणिपुर में पिछले साल मई से शुरू हुआ हिंसात्मक घटनाओं का सिलसिला न तो कभी पूरी तरह बंद हुआ और न ही माहौल सामान्य हो सका। सबसे बड़ी बात यह है कि स्थानीय आबादी का विश्वास हासिल करने का कोई विशेष प्रयास भी होता हुआ नहीं दिखा। हिंसा के इतने लंबे दौर की जिम्मेदारी तय करने की कोई कोशिश नहीं नजर आई। ऐसे में सुरक्षा बलों की तैनाती और विभिन्न पक्षों में बातचीत के दावे फलित होते नहीं दिख रहे। मणिपुर एक सीमावर्ती और खासा संवेदनशील राज्य है। इसलिए हालात को जल्द सामान्य करना जरूरी है।

## बहुत ज्यादा खुश

धर्म-दर्शन



**अशोक वोहरा।** तभी सुनीता कहती है कि मैं आपसे मिलने के लिए तथा मेरी मां आपसे मिलने के लिए गए हुए थे लेकिन आपने आया ही नहीं है। तभी वह लड़का रहता है कि मेरे पिताजी ने मुझे कोई और काम बता दिया था इसी कारण से मैं वहां नहीं जा पाया था। तभी वह छोटी बच्ची सुनीता कहती है कि कौन है आपके पापा मुझे मेरे बाद भी मुझे देखने की इच्छा है। उसके बाद सुनीता के सपने में उसी लड़के के पिताजी के रूप में भगवान शिव से प्रकट हो जाते हैं। और फिर वही लड़का भगवान गणेश बन जाते हैं और कहते हैं कि यह देखो यह मेरे पिताजी है इन्हीं ने आपकी मदद करने के लिए कहा था। सुनीता या देखकर बहुत ज्यादा खुश हो जाती है और अचानक उसकी नींद टूट जाती है वह जल्दी–जल्दी अपनी मां को उठाती है और सारी बात बताती है।

**...शेष कल**

# संपादकीय

## सुप्रीम कोर्ट से आस

चुनावी रेवड़ी, मुफ्त उपहार आदि के खिलाफ दायर एक याचिका पर सुप्रीम कोर्ट इसी महीने चुनाव आयोग और केंद्र सरकार को नोटिस जारी कर चुका है। हालांकि सुप्रीम कोर्ट पहले भी चुनाव आयोग से मुफ्त उपहारों और रेवड़ी आदि पर रोक लगाने के लिए कह चुका है। चुनाव आयोग अधिकार ना होने का हवाला देते हुए ऐसी किसी पहल से मुंह मोड़ता रहा है। उम्मीद है कि इस बार सर्वोच्च अदालत न सिर्फ इन अड़चनों को दूर करने का उपाय निकालेगी बल्कि राज्य के कल्याणकारी चरित्र से उपजे दायित्वों और चुनावी जीत के लिए किए जाने वाले मुफ्त उपहार के वायदों के बीच की महीन रेखा को परिभाषित करने का भी काम करेगी। इस संदर्भ में यह भी नहीं भूलना चाहिए कि अपने यहां जितने भी चुनाव सुधार हुए हैं उनके पीछे प्रायरू सुप्रीम कोर्ट के आदेश और चुनाव आयोग की गाइडलाइन की ही भूमिका रही है।

दिलचस्प है कि हर दल इस रेवड़ी के हथियार को आजमा भी रहा है और इसके लिए अपने विपक्षी की आलोचना भी कर रहा है। सियासी दलों की ओर से कई वायदे किए जा चुके हैं।

# बढ़ गया कर्ज का बोझ

उमेश चतुर्वेदी।।

सत्ता पर निशाना साधने के लिए मौजूदा राजनीति को सबसे बड़ा हथियार चुनावी रेवड़ियां नजर आ रही हैं। दिलचस्प है कि हर दल इस रेवड़ी के हथियार को आजमा भी रहा है और इसके लिए अपने विपक्षी की आलोचना भी कर रहा है। महाराष्ट्र और झारखंड में चुनावी प्रक्रिया परवान चढ़ गई थी। सियासी दलों की ओर से कई वायदे किए जा चुके हैं। बावजूद इसके, चुनावों के बीच भी किसी दल को लगा कि वह पिछड़ रहा है और किसी खास वायदे से किसी विशेष समुदाय का ठोस वोट बैंक उसके साथ आ सकता है तो उसके लिए किसी नई रेवड़ी का वायदा भी बेहिचक कर देगा।

इसमें दो राय नहीं कि राजनीतिक दल चाहें तो सत्ता में आने के बाद की आर्थिक चुनौतियों के मद्देनजर इस परिपाटी पर लगाम लगा सकते हैं। लेकिन आज जिस तरह का अविश्वास भरा राजनीतिक माहौल है, उसमें राजनीतिक दलों से ऐसे मामले में एक राय पर पहुंचने की उम्मीद भी दूर की कौड़ी लगती है। 2023 में मध्य प्रदेश विधानसभा चुनावों को लेकर शायद ही किसी राजनीतिक पंडित ने बीजेपी की पांचवीं बार सत्ता में वापसी की उम्मीद जताई थी। लेकिन बीजेपी ना सिर्फ सत्ता में लौटी, बल्कि धूम–धड़ाके से उसकी वापसी हुई। जीत का



कारण 'लाड़ली बहना योजना' को माना गया, जिसे राज्य की संस्कारधानी कहे जाने वाले शहर जबलपुर में 10 जून 2023 को शिवराज सिंह चौहान ने शुरू किया था।

इसके तहत राज्य की इक्कीस साल से ज्यादा उम्र वाली योग्य महिलाओं को हर महीने एक हजार रुपये की राशि सरकार की ओर से दी जा रही है। पहले से कर्ज में डूबे मध्य प्रदेश ने इस योजना के मद में साल 2024 के लिए 18 हजार 984 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। मध्य प्रदेश पर 31 मार्च, 2024 तक 3.75 लाख करोड़ रुपये का कर्ज है। माना जा रहा है कि कुछ नए कर्जों के चलते यह रकम बढ़कर 3.85 लाख करोड़ रुपये हो गई है।

मध्य प्रदेश की यह योजना चुनावी रूप से इतनी हिट मानी गई कि इसी तर्ज पर महाराष्ट्र भी मुख्यमंत्री माझी लड़की बहीण योजना शुरू कर चुका है। इसके तहत 21 से 65 साल की महिलाओं को हर महीने डेढ़ हजार रुपये की आर्थिक मदद शुरू हो गई है। राज्य में इस योजना के लिए 46 हजार करोड़ रुपये सालाना का बजट आवंटित किया गया है। यहां जान लेना चाहिए कि महाराष्ट्र सरकार ने साल 2023–24 में 82 हजार 43 करोड़ रुपये का उधार लिया, जिसकी वजह से उसका कुल कर्ज बढ़कर 7.11 लाख करोड़ रुपये हो गया है।

पांच गारंटियों के सहारे कर्नाटक की सत्ता में लौटी कांग्रेस की परेशानियां काफी बढ़ गई हैं। यह बात और है कि खुले रूप में वह इसे स्वीकार नहीं कर पा रही है। राज्य पर सालाना 53 हजार करोड़ का बोझ बढ़ गया है। कुछ ऐसा ही हाल हिमाचल प्रदेश और पंजाब का भी है। इन राज्यों के मौजूदा सत्ताधारी दलों को सत्ता ऐसी ही चुनावी रेवड़ियों की बदौलत मिली है।

### अष्टयोग- 4936

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 6 | | 7 | |
| 4 | 33 | 4 | 40 | 7 | 31 | 2 |
| | 2 | | 3 | 5 | | |
| 1 | 29 | 3 | 37 | 6 | 35 | 5 |
| | | 7 | 4 | | 5 | |
| 6 | 30 | 2 | 24 | 1 | 30 | 3 |
| | 6 | | 4 | | | |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

**अष्टयोग 4935 का हल**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 5 | 7 | 4 | 2 | 1 | 6 |
| 1 | 30 | 2 | 37 | 6 | 31 | 3 |
| 5 | 1 | 6 | 3 | 7 | 2 | 4 |
| 6 | 37 | 3 | 34 | 1 | 25 | 5 |
| 4 | 7 | 5 | 6 | 3 | 2 | 1 |
| 7 | 33 | 4 | 32 | 4 | 30 | 2 |
| 2 | 3 | 1 | 4 | 5 | 6 | 7 |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## अपना ब्लॉग

### कैसे लगे लगाम

**मोहन।** झारखंड में भी चुनाव की घोषणा के ठीक पहले राज्य सरकार 'मुख्यमंत्री माई सम्मान योजना' शुरू कर चुकी है, जिसके तहत महिलाओं को हर महीने अब 2500 रुपये देने का वायदा किया गया है। इससे राज्य पर 9000 करोड़ रुपये का अतिरिक्त बोझ बढ़ने की आशंका है। इसे बीजेपी की 'गोगो दीदी योजना' का जवाब कहा जा रहा है, जिसके तहत ठश्रच ने सत्ता में वापसी पर 18 साल से ज्यादा उम्र की महिलाओं को हर महीने 2100 रुपये देने का वायदा किया है। ये वायदे उस झारखंड में किए जा रहे हैं, जिस पर दिसंबर 2023 तक ही 25 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा का कर्ज था। वक्त आ गया है कि मुफ्त के चुनावी उपहार और रेवड़ियां बांटने के चलन पर लगाम लगाई जाए। बेहतर होता कि खुद राजनीतिक दल आपसी विचार–विमर्श के बाद एक राय बनाते। लेकिन चूंकि इसकी कोई संभावना नहीं लग रही, इसलिए अन्य संवैधानिक संस्थाओं को ही पहल करनी होगी।





## सन ऑफ सरदार के डायरेक्टर के 18 साल के बेटे की कार एक्सीडेंट में मौत

अजय देवगन और संजय दत्त स्टारर सन ऑफ सरदार के डायरेक्टर अश्विनी धईर के 18 साल के बेटे जलज धीर की मुंबई के विले पार्ले में एक कार एक्सीडेंट में मौत हो गई। रिपोर्ट के अनुसार, जलज ने अपने दोस्तों को गोरेगांव में अपने घर पर वीडियो गेम खेलने के लिए बुलाया था। बाद में, वह और उनके बाकी के 3 दोस्त – साहिल मेंधा (18), सार्थक कौशिक (18), और जेडन जिमी (18) एक लॉन्ग ड्राइव पर गए। तीनों रास्ते में एक रोस्टोरेंट में रुके और फिर जब वापस आने लगे तो साहिल ड्राइविंग सीट पर था। उसने कंट्रोल खोया और गाड़ी वेस्ट एक्सप्रेस हाईवे पर डिवाइडर से टकरा गई। जिसके बाद जलज और सार्थक की मौत हो गई।

साहिल कार तेज रफ्तार में चला रहा था और वह कथित शराब के नशे में था। जेडन ने दर्ज शिकायत में बताया कि जब गाड़ी सहारा होटल पहुंची तो साहिल को इस बात में कन्फ्यूजन हुई कि गोरेगांव जाने के लिए फ्लाईओवर का इस्तेमाल करें या सर्विस रोड का। इसी कशमकश में उसने पहले बाएं टर्न लिया और फिर दाएं टर्न लिया। इस दौरान कार कंट्रोल से बाहर हो गई। और वह हाईवे पर डिवाइडर के खंभे से टकरा गई।

## धनुष ने नयनतारा और विग्नेश शिवन के खिलाफ कोर्ट में दर्ज किया केस

नयनतारा और धनुष के बीच कॉपीराइट के उल्लंघन का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है। भयंकर जुबानी जंग के बीच अब धनुष की टीम ने मद्रास हाई कोर्ट में एक्ट्रेस और उनकी डॉक्यूमेंट्री नयनताराः बियॉन्ड द फेयरीटेल के खिलाफ सिविल केस दर्ज कर दिया है। लाइव लॉ की रिपोर्ट के मुताबिक, धनुष की फिल्म कंपनी ने नयनतारा और उनके फिल्म निर्माता पति विग्नेश शिवन के खिलाफ यह केस दर्ज किया है, जिस पर हाई कोर्ट ने भी एक्ट्रेस को जवाब देने के लिए कहा है। धनुष की वंडरबार फिल्म्स प्राइवेट लिमिटेड ने नयनतारा, विग्नेश और उनकी राउडी पिक्चर्स प्राइवेट लिमिटेड को नामजद किया है। हाई कोर्ट में दायर याचिका में कहा गया है कि आरोपियों ने नेटफ्लिक्स डॉक्यू–ड्रामा में एक्घ्टर की फिल्म नानुम राउडी धान के कुछ सीन्स का बिना इजजात इस्तेमाल किया है। धनुष की कंपनी ने इसके साथ ही लॉस गैटोस प्रोडक्शन सर्विसेज इंडिया एलएलपी पर भी मुकदमा दायर करने की अनुमति मांगी, जिस पर कोर्ट ने मुहर लगा दी है। मद्रास हाई कोर्ट ने दोनों पक्षों की शुरुआती दलीलें सुन ली हैं।

## रेणुकास्वामी जैसे लोग समाज के लिए खतरा, उसे नेशनल हीरो बनाया जा रहा



रेणुकास्वामी की हत्या मामले के मुख्य आरोपी कन्नड़ एक्टर दर्शन थुगुदीपा के वकील ने कर्नाटक हाई कोर्ट से कहा है कि पीड़ित जैसे लोग समाज के लिए खतरा हैं, जो महिलाओं को गंदे और अश्लील मैसेज भेजा करते हैं। दर्शन की जमानत याचिका पर सुनवाई हो रही थी। इस दौरान एक्टर की ओर से पेश वरिष्ठ वकील सीवी नागेश ने कहा कि रेणुकास्वामी जैसे लोगों को इस केस में हीरो की तरह दिखाया जा रहा है, जो कि गलत है। जेल में बंद एक्टर दर्शन पर आरोप है कि उनके कहने पर ही रेणुकास्वामी की हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने अपनी चार्जशीट में सनसनीखेज दावे किए हैं। बताया है कि उन्हें 200 से अधिक ऐसे सबूत मिले हैं, जिनसे साबित होता है कि दर्शन हत्या के वक्त वहीं मौजूद थे। इतना ही नहीं, एक्टर ने खुद भी रेणुकास्वामी की बेरहमी से पिटाई की थी। दर्शन की ओर से दलील देते हुए वकील सीवी नागेश ने जस्टिस विश्वजीत शेट्टी की सिंगल बेंच के सामने रेणुकास्वामी द्वारा भेजे गए कई मैसेज भी दिखाए। इनमें टेक्स्ट मैसेज और अश्लील तस्वीरें भी थीं। इसके बाद नागेश ने कहा, न्यायालय भी इस बात पर विवाद नहीं कर सकता कि रेणुकास्वामी का आचरण घृणित था। खास तौर पर यह देखते हुए कि भारत में हम महिलाओं को देवी के समान मानते हैं। वकील नागेश ने कहा, रेणुकास्वामी एक ऐसा व्यक्ति था, जिसके मन में महिलाओं के लिए कोई सम्मान नहीं था।

# रुपाली गांगुली के मानहानि के केस पर बोलीं सौतेली बेटी ईशा वर्मा



एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

*कभी टीआरपी में टॉप रहने वाला शो श्अनुपमाश इन दिनों लीड कास्ट की पर्सनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में है। दरअसल मशहूर अदाकारा रुपाली गांगुली और उनकी सौतेली बेटी ईशा वर्मा के बीच पिछले कुछ समय से शुरू हुआ विवाद अब तक थमने का नाम नहीं ले रहा। अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर ईशा ने रुपाली की ओर से 50 करोड़ के मानहानि नोटिस का संकेत दिया और कहा कि उन्होंने अपने पिता अश्विन वर्मा की भी आलोचना की। इस पोस्ट में एक लाइन ईशा ने लिखा है– एक बच्चे को सच बोलने के लिए सजा नहीं दी जानी चाहिए। अपने सौतेले भाई रुद्रांश के बारे में बात करते हुए ईशा ने ये भी साफ किया कि उन्होंने कभी नाबालिग (रुपाली के बेटे रुद्रांश) को शामिल नहीं किया। अपने लंबे नोट में ईशा ने यह भी कहा कि यह इस मामले पर उनका अंतिम बयान होगा।*

**ईशा ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा नोट**

इन सब विवादों के बीच ईशा ने अपने इंस्टाग्राम पर एक नोट शेयर किया है। अपनी इस पोस्ट में उन्होंने अपने पिता और अपने बचपन के अनुभवों से जुड़ी अपनी पर्सनल कहानी अपने फैंस के साथ शेयर की और अपने कठिन निर्णय के बारे में बात की।

**बोलना मेरे लिए अब तक का सबसे मुश्किल काम था**

ईशा ने लिखा, श्मेरे इस फैसले ने सोशल मीडिया और लोगों का ध्यान खींचा है। बोलना मेरे लिए अब तक का सबसे मुश्किल काम था, लेकिन यह मेरे जीवन का एक महत्वपूर्ण मोड़ भी बन गया। इसने मेरी वर्षों की चुप्पी तोड़ी। मैं पहले बात को लेकर परेशान थी कि इसका न केवल मुझ पर, बल्कि मेरे दोस्तों और अपनों पर भी असर पड़ेगा।



**मेरा इरादा कभी भी किसी को नुकसान पहुंचाना नहीं था**

उन्होंने इस पोस्ट में ये भी खुलासा किया कि वह पिछले 24 साल से ऐसी जगह फंसी हुई थीं, जिससे उनका बचना मुश्किल था। उन्होंने कहा, अपने अनुभवों को शेयर करना मेरे लिए आजादी और न्याय पाने का तरीका था। मेरा इरादा कभी भी किसी को नुकसान पहुंचाना नहीं था, बल्कि उन अनुभवों को बताना था जिन्होंने मुझे आकार दिया। मुझे उम्मीद थी कि मैं उन लोगों को आवाज दे पाऊंगी जो शायद इसी तरह के हालातों का सामना कर रहे हों। एक अमेरिकी नागरिक के तौर पर मैंने ईमानदारी से बोलने के अपने अधिकार का इस्तेमाल किया है।

**मेरे बयान पर उनका रिएक्शन बेहद ही परेशान करने वाला था**

ईशा ने लिखा, मेरे बयान पर उनका रिएक्शन बेहद ही परेशान करने वाला था। जो उनके कैरक्टर को दिखाती है। मैं यहां वो नहीं थी जो सिर्फ अपनी बात कर रही हो, बल्कि मैं वो थी जो उनके परिवार के सदस्य के रूप में सीधे इस बात से प्रभावित हुई थी। मेरा बॉलीवुड या भारतीय फिल्म इंडस्ट्री से कोई प्रफेशनल रिश्ता नहीं है, न ही मैंने भारत में किसी आयोजन या प्रफेशनल फोटोशूट में भाग लिया है।

**बह्लीवुड में आने को लेकर कोई मदद नहीं की गई**

पोस्ट में, ईशा ने यह भी बताया कि 2017 में मुंबई में एक फोटोशूट के दौरान उनके रूप–रंग पर किए गए कॉमेंट्स का उन पर गहरा असर पड़ा था। साथ ही ईशा ने ये भी कहा कि बॉलीवुड में आने को लेकर उनकी कोई मदद नहीं की गई। सभी से अनुरोध करते हुए उन्होंने कहा कि इस पर अब कोई किसी भी तरह के नेगेटिव कॉमेंट ना करें।

# अभिषेक बच्चन बोले– मैं पिता नहीं, अपनी मां जैसा हूं

*अभिषेक बच्चन की फिल्म आई वॉन्ट टू टॉक चर्चा में है। शूजीत सरकार ने अभिषेक के अभिनय की तुलना उनकी मां जया बच्चन से की। उन्होंने कहा कि अभिषेक की आंखों में जया जी वाली झलक दिखती है।*



अभिषेक बच्चन फिलहाल शूजीत सरकार की फिल्म आई वॉन्ट टू टॉक में नजर आ रहे हैं और उसमें उनके काम की तारीफ भी हो रही है। कई लोग तो इस मूवी को उनके करियर की बेस्ट फिल्म भी बता रहे हैं। एक्टर के किरदार का नाम इसमें अर्जुन सेन है, जो मार्केटिंग में जीनियस हैं और कैंसर की लड़ाई लड़ रहे हैं। अब एक लेटेस्ट इंटरव्यू में शूजीत सरकार ने खुलासा किया है कि अभिषेक के साथ काम करते हुए उन्हें जया बच्चन की याद आती है।

**शूजीत सरकार को दिखती है जया बच्चन की झलक**

डायरेक्टर शूजीत सरकार ने कहा, अभिषेक बच्चन इस फिल्म में आपका दिल चुरा लेते हैं। मैंने उनके अभिनय में जया जी को काफी देखा है। आप फिल्म में उनके किरदार में एक अलग ही अट्रैक्शन देखने को मिलेगा। मुझे याद है कि सत्यजीर रे की फिल्म के एक सीन में जयाजी दीवार के पास खड़ी होकर घूर रही थीं, आपको अभिषेक की आंखों में भी वही झलक देखने को मिलेगी।

**अमिताभ जैसे नहीं, जया की तरह हैं अभिषेक**

अब इस पर अभिषेक बच्चन ने कहा, मेरे 25 साल के करियर में हमेशा पिता अमिताभ से ही तुलना की गई। लेकिन बहुत कम लोग ही मेरी मां को इसका क्रेडिट देते हैं। मुझे खुशी है कि शूजीत दा ने ऐसा किया। वह बहुत खुश होंगी। वह कहती रहती हैं कि कुम मेरे भी बेटे हो। लेकिन हां मैं इतना योग्य नहीं कि मैं इन महान एक्टर्स के साथ मेरी बात की जाए।

**अभिषेक बच्चन की जया बच्चन से तुलना**

आर बाल्कि ने कहा था कि अभिषेक अपनी मां जया बच्चन की तरह हैं और एक्टर ने इस बात पर भी अपनी सहमति जताई थी। मुझे लगता है कि मैं अपने पिता की तरह नहीं, बल्कि अपनी मां कै जैसे हूं। एक्टर के वर्कफ्रंट की बात करें तो वह अब हाउसफुल 5 की शूटिंग कर रहे हैं। जिसकी फोटो उन्होंने शेयर भी की और उसका अंतिम शेड्यूल शूट हो रहा है।

# चाय में डालते ही जहर बन जाती हैं ये चीज, मजे से पीते हैं लोग

*कई बार हम ऐसा खाना खा लेते हैं जो आयुर्वेद में गलत बताया गया है। कुछ चीजों का साथ में खाने से मना किया जाता है क्योंकि यह विरुद्ध आहार होते हैं। डॉक्टर ने बताया कि चाय, आटे और दूध में क्या डालकर नहीं खाना चाहिए। इनसे 10 खतरनाक बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है।*



**चाय में क्या नहीं मिलाना चाहिए?**
चाय में जबतक दूध और चीनी न डली हो तबतक पीने का मजा नहीं आता। मगर डॉ. रोबिन शर्मा के मुताबिक दूध व चीनी डालते ही चाय अनहेल्दी बन जाती है। इसमें गुड़ भी नहीं डालना चाहिए। इससे खराब डायजेशन और डायबिटीज होने का खतरा हो जाता है। चाय के साथ कभी भी नमकीन, समोसे या चाट–पकोड़ी नहीं खानी चाहिए।

भारतीयों के लिए चाय एक मॉर्निंग ड्रिंक है, जिसका हर रोज सेवन करना चाहिए। यह ताजगी देने और नींद से जगाने का काम करती है। मगर क्या आप जानते हैं कि चाय में 3 चीज कभी नहीं डालनी चाहिए। सबसे खतरनाक बात यह है कि अधिकतर लोग मजा लेकर इनका सेवन करते हैं।

**एक नहीं पूरी 10 बीमारी करेंगी इंतजार**
आयुर्वेद के एक्सपर्ट डॉ. रोबिन शर्मा ने तो यहां तक कहा है कि ऐसी चाय केवल दुश्मन को पिलानी चाहिए। क्योंकि यह बीमारियों की जड़ है। इसका सेवन करके कई सारी बीमारियों की फौज आपका इंतजार करेगी। यह आयुर्वेद में विरुद्ध आहार माने जाते हैं जो कि शरीर में जहर जैसा काम करते हैं। एक्सपर्ट ने इसके अलावा दूसरे गलत फूड कॉम्बिनेशन भी बताए हैं। जिनसे आपको बचकर रहना चाहिए। मगर दिक्कत यह है कि काफी बड़ी संख्या में लोग इनका उपयोग कर रहे हैं।

**आटे में क्या नहीं डालना चाहिए?**
अक्सर रोटी व पराठों का स्वाद बढ़ाने के लिए आटा गूंथते हुए नमक मिलाया जाता है। मगर एक्सपर्ट के मुताबिक ऐसा नहीं करना चाहिए। आटे में नमक डालकर कभी पराठा नहीं बनाना चाहिए। साथ ही पैकेटबंद आटे की रोटी बनाकर न खाएं। नया अनाज खुद बीमारियों की जड़ है।

**काफी खतरनाक है ये कम्बिनेशन**
चने, गुड़, केले और दूध को कभी साथ में नहीं लेना चाहिए। कई लोग चने के साथ गुड़, केले और दूध डालकर शेक बनाकर पीते हैं। यह काफी खतरनाक विरुद्ध आहार हैं जो पेट में जाते ही ऑटोइम्यून डिजीज का खतरा बढ़ाते हैं।




## जाड़े की 4 बीमारी का इलाज है बैंगन का सूप, क्या है पीने का सही वक्त?

जाड़े में शरीर को ठंड से बचाकर रखना होता है। मगर फिर कई बार ठंडी हवा लग ही जाती है। जिसकी वजह से कुछ आम बीमारियां बन जाती हैं। यह आम सी दिखने वाली बीमारियां काफी परेशान भी करती हैं। इन समस्याओं से शायद ही कोई बच पाता होगा। जिन लोगों को घर से बाहर निकलना होता है, उन्हें तो इनका सामना अक्सर करना पड़ता है। लेकिन अब आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। क्योंकि सर्दी की सिरदर्द–बलगम जैसी इन बीमारियों का काल बैंगन का सूप है। आयुर्वेद के श्योग रत्नाकरश के मुताबिक बैंगन का सूप स्वास्थ्य के लिए बेशकीमती वरदान साबित हो सकता है। आयुर्वेदिक एक्सपर्ट तन्मय गोस्वामी ने इसे बनाने की विधि और पीने का सही समय बताया है। बैंगन का सूप सर्दी में काफी आराम देगा। इस सूप को खाने से थोड़ा पहले या फिर हल्के भोजन के साथ ले सकते हैं। मगर ध्यान रखें कि जिन्हें बैंगन से एलर्जी है, वो इसका सेवन करने से बचें। इससे बलगम कम होगा, नाक की रुकावट खुलेगी, गंध की क्षमता ठीक रहेगी और सिरदर्द से राहत मिलेगी।

## डायबिटीज का जबरदस्त उपाय है सिरका, 30 प्रतिशत बीमारी होगी ठीक

डायबिटीज की बीमारी इतनी खतरनाक है कि वक्त से पहले जान ले सकती है। डॉक्टर कहते हैं कि इसे कभी खत्म नहीं किया जा सकता है, केवल कंट्रोल कर सकते हैं। जिसमें दवा के साथ खानपान बहुत मायने रखता है। डायबिटीज में फूड्स को देखभाल से खाना चाहिए। क्योंकि कुछ चीजें खाने से ब्लड शुगर तेजी से बढ़ता है। जिन फूड्स के अंदर ग्लूकोज या सिंपल कार्ब्स ज्यादा होते हैं, उनका ग्लूकोज खून में बहुत जल्दी घुल जाता है। यह स्थिति मरीजों के लिए घातक हो सकती है और अस्पताल में पहुंचा सकती है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि सिरका डायबिटीज कंट्रोल करने का उपाय है। हेल्थ एक्सपर्ट प्रशांत देसाई ने बताया कि सिरके का सेवन करके ब्लड शुगर बढ़ने की रफ्तार 30 प्रतिशत घटाई जा सकती है। लेकिन आपको सिरका पीने का सही तरीका और मात्रा पता होनी चाहिए। क्योंकि इस उपाय का गलत तरीका आपके दांतों को बेकार कर सकता है। प्रशांत देसाई कहते हैं कि पानी में सिरका पीने से ग्लूकोज स्पाइक 30 प्रतिशत तक कम हो सकता है और ऐसा अध्ययन कहता है। सिरके में एसिटिक एसिड होता है, जो ग्लूकोज के टूटने की प्रक्रिया को धीमा कर देता है। इसके पीछे सिरके के सेवन से अल्फा एमिलाइज की प्रक्रिया का धीमा होना प्रमुख कारण है।

## दिमाग का जीवित रहना या नहीं रहना, अंगदान करने में इसका क्या रोल है?



जीवित दान के लिए नियम बहुत बड़े हैं। जीवित दान एक वैकल्पिक सर्जरी है। मस्तिष्क की मृत्यु के बाद दान समय की मांग है। मस्तिष्क की मृत्यु व्यावहारिक रूप से मृत्यु है, लेकिन हृदय और अन्य अंग जीवन रक्षक प्रणाली पर काम कर रहे हैं। मस्तिष्क की मृत्यु, रोगी की देखभाल में शामिल नहीं होने वाले दो अलग–अलग विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा प्रमाणित किया जाना चाहिए। मस्तिष्क की मृत्यु की पुष्टि करने के लिए नैदानिक जांच के साथ दो से एपनिया परीक्षण किए जाते हैं। छह घंटे के अंतराल पर दो परीक्षण किए जाते हैं। यदि रोगी का परिवार अंगदान के लिए तैयार है, तो दाता की सेहत का ध्यान रखा जाता है ताकि अंग प्रत्यारोपण के लिए वो स्वस्थ रहे। हृदय, फेफड़े, यकृत, गुर्दे, आंत, अग्नाशय, त्वचा, आंखें, ऊतक जैसे विभिन्न अंग दान किए जा सकते हैं। मस्तिष्क की मृत्यु के बाद अंगदान का कानून बहुत सख्त, कठोर और पारदर्शी है। रोगी की प्राथमिकता नहीं हो सकती, अंग प्राप्तकर्ताओं के लिए सूची का पालन किया जाना चाहिए। मस्तिष्क के बाद अंगदान, जीवित दान के विपरीत एक आपातकालीन सर्जरी है। अंगों की कमी है और अंगों के लिए प्रतीक्षा करने वाले प्राप्तकर्ताओं की एक बड़ी सूची है। अंग प्रयोगशाला में नहीं बनाए जा सकते हैं। इन्हें एक व्यक्ति द्वारा दूसरे व्यक्ति को दिया जा सकता है। हम सभी को अंगदान करने का संकल्प लेना चाहिए।

# फेफड़ों के कैंसर का पता लगाने में एडवांस डायग्नॉस्टिक्स का रोल



एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

डॉ शैखाली एम बरोडावाला, एमडी, कंसल्टेंट सर्जिकल पैथोलॉजिस्ट, एवीपी एंड हेड इंटीग्रेटेड ऑंकोपैथोलॉजी, मेट्रोपोलिस हेल्थकेयर लिमिटेड, मुंबई के अनुसार, नॉन–स्मॉल सेल लंग कैंसर (एनएससीएलसी) उपचार के क्षेत्र में हाल में हुई प्रगति के बावजूद, जिसमें कैंसरकारी प्रक्रिया शुरू करने वाले म्युटेशनों की खोज तथा लक्षित थेरेपी शामिल हैं, रोग के शुरुआती चरण में इसका पता लगाया जाना मरीजों के स्वास्थ्य लाभ की दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण है।

**लंग कैंसर का डायग्नहसिस और उपचार**
लंग कैंसर के डायग्नॉसिस के लिए काफी बेसिक इमेजिंग तकनीकों जैसे छाती का एक्स–रे और थूक की जांच की जाती है। हालांकि इनसे लंग कैंसर का पता तो चलता है लेकिन रोग अक्सर एडवांस स्टेज में पहुंचने पर ही पकड़ में आता है और तब इलाज के विकल्प काफी सीमित होते हैं। कीमोथेरेपी जैसे उपचार से मरीजों को बचाने में मदद मिलती है लेकिन इनके अन्य नुकसान (साइड इफेक्ट्स) बहुत ज्यादा और इनका असर भी प्रायः सीमित ही होता है, खासतौर से मेटास्टेटिक रोगों के मामले में। एनजीएस के लिए पोलीमेरेस चेन रिएक्शंस (पीसीआर) का इस्तेमाल किया जाता है जिससे जो एक साथ मल्टीपल जीन रीजन्स का विश्लेषण कर कैंसर से संबंधित म्युटेशंस का पता लगाता है। इस टेस्ट के उपलब्ध होने के बाद अब ऑंकोलॉजिस्ट मरीजों की ट्यूमर संबंधी जेनेटिक प्रोफाइल को ध्यान में रखते हुए उपचार को कस्टमाइज कर सकते हैं, जो मरीजों के लिए बेहतर साबित होता है।

**टार्गेटेड थेरेपी**



लंग कैंसर के उपचार में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि टार्गेटेड थेरेपी के तौर पर हासिल हुई है। इजीएफआर, एएलके, आरओएस1, और बीआरएफ, जैसे म्युटेशनों की पहचान कर, ऑंकोलॉजिस्ट ऐसी थेरेपी का चुनाव कर पाते हैं जो इन म्युटेटेड जीन्स की गतिविधियों पर रोक लगा सकें। उदाहरण के लिए, टायरोसिन काइनेस इन्हिबिटर्स (टीकेआई) से इजीएफआर–पॉजिटिव NSCLC से ग्रस्त मरीजों के इलाज में काफी सफलता मिली है, और परिणामस्वरूप ट्यूमर घटा है जिससे मरीजों का जीवन लंबा बनाने में मदद मिलती है। खासतौर से कैंसर कोशिकाओं पर हमला करती है और स्वस्थ कोशिकाओं को कम से कम नुकसान पहुंचाता है, यानि कीमोथेरेपी जैसे पारंपरिक उपचार की तुलना में इसके साइड इफेक्ट्स कम होते हैं। इस विकल्प के उपलब्ध होने के बाद से लंग कैंसर मैनेजमेंट में क्रांतिकारी बदलाव हुए हैं और जीवन की गुणवत्ता तथा सरवाइवल रेट में सुधार देखा गया है।

**इम्युनोथेरेपी**
लंग कैंसर के उपचार के लिए इम्युनोथेरेपी भी एक ताकतवर उपचार विकल्प के तौर पर सामने आयी है। यह कैंसर कोशिकाओं के प्रति शरीर के इम्यून रिस्पॉन्स को मजबूत बनाती है। इम्यून चेकप्वाइंट इन्हिबिटर्स से उन प्रोटीन्स को ब्लॉक करते हैं जो कैंसर पर हमला करने से इम्यून कोशिकाओं को रोकते हैं, इस तरह यह ट्यूमर कोशिकाओं को नष्ट करने में इम्यून सिस्टम को और मजबूत बनाते हैं। इस रणनीति ने लंग कैंसर के उपचार में महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं और यह खासतौर से उन मरीजों के लिए फायदेमंद साबित हुई है जो लक्षित थेरेपी के लिए म्युटेशन रहित होते हैं।

**रोग का शीघ्र पता लगने का महत्व**
बेशक, एडवांस थेरेपी के उपलब्ध होने के बाद लंग कैंसर के मरीजों के लिए स्थितियों में काफी सुधार आया है, लेकिन आज भी रोग का जल्द से जल्द पता लगने से सरवाइवल रेट बढ़ाने में मदद मिलती है। लंग कैंसर आमतौर पर काफी एडवांस स्टेज में पकड़ में आता है, और तब इलाज के विकल्प गिने–चुने रह जाते हैं। इसलिए लंग कैंसर का शुरु में पता लगने पर, जबकि रोग शरीर के अन्य भागों में फैला न हो, सफल उपचार की संभावना सबसे ज्यादा होती है, और अक्सर सर्जरी से यह किया जा सकता है।



टीम इंडिया में वापसी के लिए बना रहे रास्ता

सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के एक मुकाबले में अर्जुन तेंदुलकर की टीम गोवा के खिलाफ नाबाद 130 रनों की पारी खेली थी, जबकि रणजी ट्रॉफी के एक मैच में उन्होंने महाराष्ट्र के खिलाफ 142 और ओडिशा के खिलाफ बेजोड़ 233 रनों की पारी खेली थी। इन पारियों के दम पर न केवल उन्होंने आईपीएल टीमों का विश्वास हासिल किया, बल्कि टीम इंडिया में वापसी के लिए रास्ता भी बना रहे हैं। इसमें हैरानी नहीं होगी अगर वह जल्द ही तीनों फॉर्मेट में टीम इंडिया के लिए वापसी करें।

## श्रेयस अय्यर की पारी देखकर झूम गई होंगी प्रीति जिंटा!

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** हैदराबाद। कप्तान श्रेयस अय्यर और अनुभवी अजिंक्य रहाणे के अर्धशतकों की मदद से मुंबई ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी ग्रुप–सी के मैच में महाराष्ट्र को पांच विकेट से हराया। आईपीएल की मेगा नीलामी में पंजाब किंग्स द्वारा 26 करोड़ 75 लाख रुपये में खरीदे गए श्रेयस ने 39 गेंद में आठ चौकों और तीन छक्कों की मदद से 71 रन बनाए। रहाणे ने 34 गेंद में 52 रन का योगदान दिया। मुंबई ने जीत के लिए 172 रन का लक्ष्य 17.1 ओवर में हासिल कर लिया। इससे पहले शार्दुल ठाकुर और मोहित अवस्थी ने दो दो विकेट लेकर महाराष्ट्र को 9 विकेट पर 171 रन पर रोक दिया।

आईपीएल नीलामी में मालामाल हुए श्रेयस अय्यर ने स्ट्राइक रेट पर सवाल उठाने वालों को करारा तमाचा जड़ा। उन्होंने अपने विध्वंसक बैटिंग से न केवल महाराष्ट्र के गेंदबाजों की हालत खराब कर दी, बल्कि पंजाब किंग्स के मालिकान को भी एक मेसेज भेजा कि उनके पैसे गलत जगह नहीं जा रहे हैं। पंजाब से भारी भरकम बोली के बाद अय्यर की यह पहली पारी थी, जिसमें उन्होंने 8 चौके और 3 छक्के उड़ाए। इससे पहले उन्होंने शतक और दोहरा शतक ठोका था। अब पंजाब की को–ओनर प्रीति जिंटा उनके प्रदर्शन से खुश होंगी।

# आज पृथ्वी शॉ को कोई भाव तक नहीं दे रहा

क्रिकेट

## पूर्व सेलेक्टर ने पृथ्वी शॉ को जमकर सुनाई खरी–खोटी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। पृथ्वी शॉ की किस्मत उनका साथ नहीं दे रही है। जहां कभी उन्हें भारतीय टीम का दूसरा तेंदुलकर माना जाता था, तो वहीं आज उन्हें कोई भाव तक नहीं दे रहा है। आईपीएल 2025 नीलामी में पृथ्वी को कोई खरीदार नहीं मिला। ऑक्शन के लिए शॉ 75 लाख रुपये के बेस प्राइस के साथ उतरे थे, लेकिन दोनों राउंड के ऑक्शन में उन्हें खरीदने के लिए किसी भी फ्रेंचाइजी ने पैडल नहीं उठाया।

इसके पीछे की वजह उनकी खराब फॉर्म और खराब फिटनेस है। साल 2024 में पृथ्वी दिल्ली कैपिटल्स का हिस्सा रहे, जहां उनके बल्ले से पिछले सीजन 198 रन निकले थे। इस दौरान उनके बल्ले से एक ही अर्धशतक निकला था। इस वजह से दिल्ली कैपिटल्स ने उन्हें रिटेन नहीं किया।



इस बीच हाल ही में पूर्व सेलेक्टर ने पृथ्वी शॉ को जमकर लताड़ लगाई।

दरअसल, साल 2018 में आईपीएल में डेब्यू करने वाले पृथ्वी शॉ के बाद यह पहला मौका होगा जब दाएं हाथ का यह बल्लेबाज किसी आईपीएल सीजन में खेलता हुआ नजर नहीं आएगा। खराब फॉर्म और फिटनेस के लिए कई पूर्व भारतीय क्रिकेटरों और एक्सपर्ट्स से काफी सलाह भी मिलती रही, लेकिन उनकी फॉर्म में कोई सुधार नहीं हुआ। इस कड़ी में अब एक पूर्व भारतीय चयनकर्ता ने उनके सुधार पर सवाल उठाए हैं।

शॉ को करीब से देखने वाले एक पूर्व भारतीय चयनकर्ता ने बातचीत के अलावा शॉ को उनके व्यवहार करते हुए कहा कि पृथ्वी दिल्ली कैपिटल्स में रहे हैं। दिल्ली कैपिटल्स में ही उन्हें राहुल द्रविड़, जो उनके अंडर–19 भारतीय कोच भी थे, रिकी पोंटिंग और सौरव गांगुली से बातचीत करने का मौका मिला था।

उन्होंने कहा कि मुंबई क्रिकेट में यह एक खुला रहस्य है कि तेंदुलकर ने भी उनसे बात की है। क्या ये दिग्गज मूर्ख हैं? क्या आपको उनमें कोई बदलाव दिखता है? अगर दिखता भी है, तो वह स्पष्ट नहीं है। अगर बात करें पृथ्वी शॉ के आईपीएल करियर की तो बता दें कि उन्होंने 79 मैच खेलते हुए 1892 रन बनाए हैं। इस दौरान उनके बल्ले से 14 अर्धशतक निकले हैं। आईपीएल 2024 में पृथ्वी शॉ ने 8 मैच खेलते हुए 198 रन बनाए थे, जिसमें एक अर्धशतक शामिल रहा।

# भारत की एक चूक और फिसल जाएगी आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का खिताबी मुकाबला भले ही 2025 में होना है, लेकिन मैचों की लिहाज से देखा जाए तो सिर्फ 4 कदम बचे हैं। भारत के पास गलती की एक भी गुंजाइश नहीं है। उसका एक मुकाबला हारना उसे फाइनल की दौड़ से बाहर कर सकता है। सिनेरियो पर नजर डाला जाए तो भारत के अलावा ऑस्ट्रेलिया, श्रीलंका, साउथ अफ्रीका और न्यूजीलैंड के पास आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के खिताबी मुकाबले में पहुंचने का मौका है।

भारतीय टीम को बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के तहत 4 मुकाबले ऑस्ट्रेलिया से खेलने हैं। उसका मौजूदा पॉइंट्स 61.11 है, जबकि अगर वह सभी बचे 4 मैच जीत लेती है तो वह अधिकतम 69.30 तक पहुंच पाएगी। इसका

■ मैचों की लिहाज से देखा जाए तो सिर्फ 4 कदम बचे

मतलब है कि अगर भारत सभी मैच जीतता है तो उसका आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के खिताबी मुकाबले में पहुंचना लगभग पक्का हो जाएगा। ये सभी मैच भारत के लिए मुश्किल हैं, क्योंकि सभी ऑस्ट्रेलिया में होने हैं। ऑस्ट्रेलिया को 6 मैच खेलने हैं। 4 उसे भारत के खिलाफ घर और दो मैच श्रीलंका में खेलने हैं। अगर वह सभी मैच जीतता है तो 71.05 तक पहुंच जाएगा, जो सबसे अधिक होगा और वह लगातार दूसरी बार फाइनल में पहुंच जाएगा। उसका फिलहाल 57.69 पॉइंट है। देखा जाए तो हालांकि भारत ने जिस तरह से उसे डॉमिनेट किया है पर्थ टेस्ट में आगे की सीरीज उसके लिए मुश्किल होनी है।

श्रीलंकाई टीम के अंक 55.56 हैं और उसे 4 मैच खेलने हैं। वह दो मैच साउथ अफ्रीका में खेलेगी, जबकि 2 मैच ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घर घर में खेलेगी। अगर वह सभी मैच जीतती है तो उसके 69.23 होंगे यानी अगर भारत अपने सभी मैच जीतता है और श्रीलंका भी तो रोहित शर्मा की कप्तानी वाली टीम श्रीलंका से आगे निकल जाएगी। हालांकि, श्रीलंका के लिए साउथ अफ्रीका में जीतना थोड़ा मुश्किल होगा।

न्यूजीलैंड टीम को 3 मैच खेलने हैं। सभी इंग्लैंड के खिलाफ उसे अपने घर में खेलने हैं। होम एडवांटेज है उसके पास, लेकिन इंग्लैंड को हरा पाना उसके लिए आसान नहीं होगा। फिलहाल उसके पास 54.55 पॉइंट्स हैं, जबकि वह अधिकतम 64.29 तक पहुंच सकी है। यानी वह सभी मैच जीतकर भी फाइनल से बाहर रह सकती है।

## थरूर ने ईडी रेड, इनकम टैक्स एक्शन और जेल की धमकी दी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। एक ओर आईपीएल 2025 मेगा ऑक्शन में खिलाड़ियों की पर करोड़ों की बारिश हुई तो दूसरी ओर लीग के पूर्व कमिश्नर ललित मोदी ने एक पॉडकास्ट में कई मामलों पर हैरान करने वाले खुलासे करते हुए कई लोगों को कटघरे में खड़ा कर दिया। कई संगीन आरोपों में फरारी काट रहे ललित मोदी के पॉडकास्ट को शेयर करते हुए बीजेपी नेता अमित मालवीय ने कांग्रेस के धाकड़ नेता शशि थरूर पर संगीन आरोप लगाए हैं। उन्होंने वीडियो को एक्स पर शेयर किया और आरोप लगाए कि किस तरह से आईपीएल फ्रेंचाइजी कोच्चि टस्कर्स (अब हटा दी गई है) में हिस्सेदारी को लेकर विवाद पर शशि थरूर ने गुस्से में ललित मोदी को फोन किया और उन्हें ईडी की रेड, इनकम टैक्स एक्शन और जेल भेजने की धमकी देकर डराया।

## न्यूज डायरी



### केकेआर की कप्तानी में हो गया खेला, खुश होंगे शाहरुख खान!

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग के 2025 सीजन से सऊदी अरब के जेद्दा में पहले हुई मेगा नीलामी में हर किसी को हैरान करते हुए टीमों ने वेंकटेश अय्यर के लिए दिल खोलकर पैसे लुटाए। उनकी पुरानी लीग कोलकाता नाइटराइडर्स ने उन्हें रिटेन नहीं किया था। उस समय शायद उसे लगा हो कि वेंकटेश सस्ते में नीलामी में मिल जाएंगे, लेकिन ऐसा हुआ नहीं। कोलकाता नाइटराइडर्स के अलावा लखनऊ सुपर जायंट्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने खजाना खोला तो शाहरुख की टीम को अपने सितारे को बचाने के लिए 23 करोड़ 75 लाख रुपये खर्च करने पड़ गए। 2 करोड़ की बेस प्राइस वाले वेंकटेश के लिए कोलाकाता नाइटराइडर्स ने पहली बोली लगाई तो लखनऊ सुपरजायंट्स ने मोर्चा संभाल लिया। देखते ही देखते वेंकटेश की कीमत 8 करोड़ (आईपीएल 2024 की कीमत) पार कर गई। इसके बाद रॉयल चौलेंजर्स बेंगलुरु ने मोर्चा संभाला और आखिरी दम तक मैदान नहीं छोड़ा। 23.75 करोड़ रुपये में जब वह टीम से नीलामी के पहले दिन जुड़े तो लगा टीम उन्हें कप्तान बनाने की सोच रही है, क्योंकि केकेआर के चैंपियन पूर्व श्रेयस अय्यर पंजाब किंग्स में जा चुके थे। इस बारे में वेंकटेश ने कहा भी कि अगर टीम उन्हें यह जिम्मेदारी देती है तो वह तैयार हैं। हालांकि, दूसरे दिन कोलकाता नाइटराइडर्स ने दूसरे दिन एक और खिलाड़ी को बेस प्राइस पर ही खरीदा, जिसके पास कप्तानी करने का खूब अनुभव है। वह हैं अजिंक्य रहाणे।

### 27 करोड़ रुपये में बिके जाने के बावजूद पंत को नहीं मिलेगी पूरी रकम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। सऊदी अरब के जेद्दा में आयोजित हुई आईपीएल 2025 नीलामी में विकेटकीपर ऋषभ पंत ने इतिहास रच दिया। ऑक्शन में लखनऊ सुपर जायंट्स ने उन्हें 27 करोड़ रुपये देकर अपनी टीम में शामिल किया। इस तरह आईपीएल ऑकशन के इतिहास में सबसे महंगे बिके जाने वाले प्लेयर पंत बने। उन्होंने 15–20 मिनट के अंदर श्रेयस अय्यर को पछाड़ा, जिन्हें पंजाब किंग्स ने 26.75 करोड़ रुपये में खरीदा। दरअसल, ऋषभ पंत को नीलामी में लखनऊ सुपर जायंट्स ने 27 करोड़ रुपये में खरीदा, लेकिन इतने महंगे बिकने के बावजूद उन्हें ये पूरी रकम नहीं मिलेगी। भारत सरकार के आयकर स्लैब के अनुसार 2024–25 वित्तीय वर्ष के अनुसार, 15 लाख रुपये या उससे ज्यादा हर साल वेतन वाले व्यक्ति को इसका 30: टैक्स के रूप में देना होगा। इसलिए, पंत के 27 करोड़ रुपये के वेतन का 30 प्रतिशत उनके खाते से काट लिया जाएगा। ऐसे में ऋषभ पंत को लखनऊ सुपर जायंट्स के साथ अपने तीन साल के कार्यकाल के दौरान हर सीजन के लिए 18.9 करोड़ रुपये की सैलरी मिलेगी। ऋषभ पंत को आईपीएल 2025 ऑक्शन से पहले दिल्ली कैपिटल्स ने रिलीज कर दिया था। इस फैसले से हर कोई हैरान था। इसके बाद ऑक्शन में पंत 2 करोड़ रुपये के बेस प्राइस के साथ उतरे, जिन्हें खरीदने के लिए सबसे पहले लखनऊ सुपर जायंट्स ने बोली लगाई। उसके बाद आरसीबी ने भी पैडल उठाया।

### भारत सरकार को मेगा ऑक्शन से होगी लगभग 90 करोड़ की कमाई

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** जेद्दा। आईपीएल 2025 के लिए दो दिन तक मेगा ऑक्शन सउदी अरब में मेगा ऑक्शन चला। तीन साल पहले हुई मेगा नीलामी की तुलना में इस बार 30 करोड़ रुपये ज्यादा 120 करोड़ रूपये का पर्स था। 10 फ्रैंचाइजी ने मिलकर कुल 639.15 करोड़ खर्च किए, जिसमें 182 खिलाड़ी बिके। 62 विदेशी खिलाड़ी हैं। भले ही यह ऑक्शन देश से बाहर हुआ हो, लेकिन इसके बावजूद भारत सरकार को नीलामी से बंपर कमाई होने वाली है। आईपीएल ऑक्शन में 10 फ्रैंचाइजी ने 182 खिलाड़ियों पर जो 639.15 करोड़ रुपये खर्च किए हैं, उसमें से टीडीएस काटकर ही प्लेयर्स को भुगताना किया जाएगा। ये टीडीएस भारत सरकार की झोली में जाएगा। इस बार के ऑक्शन में जो 639.15 करोड़ खर्च हुए हैं। इसमें भारतीय प्लेयर्स पर 383.40 करोड़ रुपये की बोली और विदेशी खिलाड़ियों पर 255.75 करोड़ रुपये की बोली लगेगी। नियम के हिसाब से भारतीय खिलाड़ियों पर 10 परसेंट टीडीएस और विदेशी खिलाड़ियों पर टीडीएस लगता है। इस हिसाब से भारतीय खिलाड़ियों का टीडीएस 38.34 करोड़ रुपये और विदेशी खिलाड़ियों का टीडीएस 51.15 करोड़ रुपये बनता है।

पेज थ्री देहरादून

सारकोट की महिलाओं को नैनो पैकेजिंग यूनिट का प्रशिक्षण देते हुए।



हमारा दून

देहरादून, शुक्रवार, 29 नवंबर 2024




## संक्षिप्त समाचार



### गृहमंत्री अमित शाह के देवभूमि आगमन पर सीएम धामी ने किया स्वागत

**संवाददाता** देहरादून। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के देवभूमि उत्तराखंड आगमन पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर उनका स्वागत किया। कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल, गणेश जोशी, डॉ. धन सिंह रावत और अन्य गणमान्य लोगों ने भी केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह का स्वागत किया।

### दो किलो चरस के साथ महिला समेत दो गिरफ्तार

**संवाददाता** देहरादून। एसटीएफ की एंटी नार्कोटिक्स टास्क फोर्स ने 2.10 किलो चरस के साथ उत्तर प्रदेश के मुख्य तस्कर के साथ एक महिला को गिरफ्तार किया है। आरोपी महिला की आड़ में तस्करी करता था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसटीएफ नवनीत सिंह भुल्लर ने बताया कि एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स की ओर से नशा तस्करों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में टीम ने गुरुवार को सेलाकुई क्षेत्र से महिला और व्यक्ति को गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से काफी मात्रा में चरस बरामद की गई। आरोपी पुरोला उत्तरकाशी से चरस लेकर देहरादून आए थे। आरोपियों की पहचान यूनुस निवासी सलाराबाद धामपुर उत्तर प्रदेश, माहेश्वरी उर्फ मेघा निवासी नंदप्रयाग चमोली के रूप में हुई।

### उत्तराखंड में 'बाल विवाह मुक्त भारत' अभियान को भारी समर्थन

**संवाददाता** देहरादून। केंद्र सरकार के 'बाल विवाह मुक्त भारत' के आह्वान पर उत्तराखंड के बाजारों, स्कूलों, गांवों और कस्बों में हजारों लोग ढोल नगाड़ों के साथ सड़कों पर उतरे और 'जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन' (जेआरसी) एलायंस के जागरूकता कार्यक्रमों में शामिल होकर इसका समर्थन किया। राज्य के तीन जिलों के 250 गांवों में लोगों ने जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया।

### शॉप्सी शादी के खरीदारी को किफायती, सुलभ और रोमांचक बनाता है

**संवाददाता** देहरादून। भारत में शादी का मौसम प्यार और परंपरा का एक जीवंत उत्सव है, जहां हर शहर और परिवार अपने अनोखे तरीके से जश्न मनाते हैं। स्थानीय परंपराओं से लेकर व्यक्तिगत सजावट तक, हर शादी भारत की संस्कृति की विविधता को दर्शाती है। यह एकजुटता का समय है, जहां रीति–रिवाज और उत्सव पारिवारिक बंधन को मजबूत करते हैं।

# महिलाओं की सुविधा के लिए जल्द दिखेगें पिंक टॉयलेट: डीएम

**निर्देश**

■ जिला प्रशासन ने शुरू की कवायद, महिलाओं हेतु नये टॉयलेट निर्माण के साथ ही शहर में अन्य टॉयलेट को भी करें मॉडिफाई

■ महिला एवं पुरूष टॉयलेट का रहेगा अलग–अलग कलर कोड , 9 चिन्हित स्थानों पर जल्द जारी होगे वर्क आर्डर

**संवाददाता**



देहरादून। शहर के पल्टन बाजार एवं अन्य स्थलों में महिलाओं हेतु पिंक टॉयलेट निर्माण के सम्बन्ध में जिलाधिकारी सविन बंसल ने अपने कार्यालय कक्ष में रेखीय विभागों के साथ बैठक लेते हुए शहर में पिंक शौचालय की कवायद शुरू करने हेतु अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया बाजार एवं भीड़–भाड़ वाले क्षेत्रों में महिलाओं की सुविधा हेतु पिंक टायलेट निर्माण किये जाने अति आवश्यक है, जिला प्रशासन द्वारा इसके लिए तैयारी शुरू कर दी है, कुछ स्थान चिन्हित भी कर लिए गए हैं।

सम्बन्धित अधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि पिंक टायलेट हेतु राजीव गांधी काम्पलेक्स, गेलॉर्डशूज के समीप, कोतवाली रमेश बुक डिपो के समीप, डिस्पेंसरी रोड पार्किंग स्थल के समीप, राजा रोड, राजा रोड–2, तहसील चौक, तहसील फुटब्रीज के समीप स्थान चिन्हित किये गए हैं। जिस पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जहां–2 पर स्थान चिन्हित कर लिए गए हैं कि तत्काल कार्य योजना तैयार करें। साथ ही निर्देशित किया अन्य स्थलों का भी चयन कर लिया जाए जहां पर महिला टॉयलेट बन सकते हैं।

उन्होंने कहा कि महिला की सुरक्षा एवं सुविधा के दृष्टिगत पिंक टॉयलेट का निर्माण किया जाना अति आवश्यक है। विशेषकर बाजरों में जहां आमजन खरीदारी करने आते हैं तथा टॉयलेट न होने की वजह से असुविधा का सामना करते है।

जिलाधिकारी ने निर्देशित किया जिन स्थानों पर शौचालय पहले से विद्यमान है तथा मरम्मत की जानी है, ऐसे स्थानों पर कार्ययोजना तैयार करते हुए तत्काल मरम्मत की कार्यवाही करें जीर्ण–शीर्ण अवस्था वाले टॉयलेट की मरम्मत करते हुए ठीक कराएं।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह, उप जिलाधिकारी हरिगिरि, जिला पर्यटन विकास अधिकारी सुशील मोहन नौटियाल सहित सम्बन्धित चिकित्सालयों के प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक एवं समति के सदस्य उपस्थित रहे।

### आपदा जोखिम न्यूनीकरण तैयारी और दीर्घकालिक पुनप्राप्तिः कार्यशाला

**संवाददाता** देहरादून। बीपी पाण्डे, महानिदेशक डॉ. आरएस टोलिया प्रशासन अकादमी नैनीताल के दिशा–निर्देशों के क्रम में 02 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन जनपद अवस्थित होटल द्रोण में किया जा रहा है। कार्यशाला के शुभारंभ सत्र में मुख्य अतिथि अपर सचिव आपदा प्रबन्धन आनन्द स्वरूप, विशिष्ठ अतिथि प्रो0 शेखर पाठक पदमश्री पर्यावरण विद, राजकुमार नेगी यूएसडी एमएम, डीएम चम्पावत नवनीत पाण्डे, जिलाधिकारी अल्मोड़ा आलोक पाण्डे, पूर्व एडीजीएम मौसम विभाग आनन्द शर्मा मौजूद रहे। इस अवसर पर सभी अतिथियों ने अपने–2 विचार प्रस्तुत किए। विशिष्ठ अतिथि प्रो0 शेखर पाठक ने आपदाओं पर चर्चा करते हुए इस अपने विचार प्रस्तुत किए। मुख्य अतिथि आनन्द स्वरूप द्वारा आपदा प्रबन्धन को सशक्त करने के लिए स्थानीय समुदाय को भी सम्मिलित कर उनकी क्षमता निमार्ण किए जाने की आवश्यकता बताई। आपदा प्रबन्धन को पंचायत स्तर पर तथा पंचायतों को भी सम्मिलित किये जाने विशेष चर्चा की।

## कांग्रेस के विचारों को राज्य के हर कोने तक पहुंचाए: माहरा

**अभियान**

■ कांग्रेस का डिजिटल सदस्यता अभियान शुरू, नई वेबसाइट लांच

**संवाददाता**



देहरादून। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने सोशल मीडिया विभाग ने नई वेबसाइट की लॉन्चिंग कर डिजिटल सदस्यता अभियान शुरू किया। माहरा ने कहा, आज सोशल मीडिया केवल संवाद का माध्यम नहीं है, बल्कि यह जन–सेवा और जनता तक पार्टी की नीतियों को पहुंचाने का सबसे प्रभावी साधन बन चुका है। उत्तराखंड कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग का यह कदम डिजिटल युग में पार्टी को मजबूत और सक्रिय बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों से आग्रह किया कि वे इस डिजिटल प्लेटफॉर्म का पूरा उपयोग करें और कांग्रेस के विचारों को राज्य के हर कोने तक पहुंचाएं। सोशल मीडिया विभाग के प्रदेश अध्यक्ष विकास नेगी ने कहा, अभियान के पहले चरण में एक लाख नए सदस्य जोड़ने का लक्ष्य है और आने वाले महीनों में इसे 10 लाख तक बढ़ाया जाएगा।

कहा, वर्तमान में फेसबुक पर पार्टी की उपस्थिति भाजपा से कहीं अधिक मजबूत है। हम आने वाले समय में हर डिजिटल प्लेटफॉर्म पर भाजपा से आगे निकल जाएंगे। यह अभियान हमारी पार्टी की ताकत और प्रभाव को और अधिक सशक्त करेगा। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं और समर्थकों से डिजिटल क्रांति में बढ़–चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया।

इस मौके पर मुख्य प्रवक्ता गरिमा माहरा, प्रदेश प्रवक्ता शीशपाल बिष्ट, आशीष नौटियाल, युवा प्रदेश अध्यक्ष सुमित्तर भुल्लर, अंशु सक्सेना, बलजीत सिंह, नवीन जोशी, राजकुमार जायसवाल, आशीष विश्वकर्मा, प्रियांशु कोटनाला, प्रणव चंद्र, गौरव विश्वकर्मा, अमन, विकास जुयाल, अनिकेत नेगी, तरुण चौहान, अनीश नेगी, राहुल कुमार आदि ने सदस्यता ली।

### सारकोट की महिलाओं को दिया गया नैनो पैकेजिंग यूनिट का प्रशिक्षण

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री के निर्देशों के क्रम में कृषि विभाग एवं उद्यान विभाग द्वारा गुरूवार को विकास खण्ड गैरसेंण के ग्राम सारकोट में महिलाओं को नैनो पैकेजिंग यूनिट का प्रशिक्षण दिया गया। इसमें महिलाओं को विभिन्न प्रकार की पैकिंग यूनिट यथा अचार डब्बा बंदी,स्क्वैश बोतल को सील करना, लैबलिंग, बैंक सेलर से दाल पैकिंग, अचार पैकिंग, मसाला पैकिंग तथा हैंड सीलिंग मशीन से दाल पैकिंग, बेस्ट कोचिंग मशीन, फाइल पैंकिग मशीन के प्रशिक्षण के साथ–साथ मंडुवा थ्रेसर, झंगोरा पीसने तथा जूस निकालने का प्रशिक्षण दिया गया। साथ महिलाओं को कृषि एवं उद्यान विभाग की योजनाओं की जानकारी दी गयी। इस दौरान महिलाओं द्वारा पॉलीहाउस एवं जंगली जानवरों से फसल की सुरक्षा हेतु चौंनिग फैंसिंग की मांग की गयी। इस पर मुख्य कृषि अधिकारी जेपी तिवारी ने शीघ्र उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। प्रभारी फल संरक्षण अधिकारी संतोष नयाल,सतबीर सैनी, भूपेन्द्र रावत सहित गांव की महिलाएं उपस्थित थी।







**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।